- दूसरे चरण में 3 राज्यों में 700 और स्कूलों की योजना बनाई गई है

सह-कार्य स्थल

- इंक्यूस्पेज़ सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की साझेदारी में बैंक के दिल्ली कार्यालय परिसर में "वर्कस्पेज़" प्रारंभ किया गया, जिससे 39 उद्यम लाभान्वित हुए
- बीकेसी मुंबई में एक अन्य सह-कार्य स्थल की स्थापना की जा रही है

उद्यम ज्ञानशाला [आईआईएम, लखनऊ में प्रबंध विकास कार्यक्रम (एमडीपी)]

- "सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों के लिए" 11 दिन की कार्यशाला रूपायित की गई
- इस कार्यक्रम का यह दूसरा वर्ष है, इनसे विव 2020 में 34 एमएसई लाभान्वित हुए

ईयू-स्विच एशिया बाँस परियोजना

- इसका लक्ष्य बाँस आधारित उद्यमों का संवर्द्धन करना और हरित रोज़गार पैदा करना है
- 5 उत्तर-पूर्वी राज्यों सहित देश के 9 राज्यों में लागू किया गया
- बाँस आधारित उद्यम स्थापित करने के लिए, संचयी रूप से 2,734 कारीगरों का मार्गदर्शन किया गया
- वित्तवर्ष 2020 के दौरान, परियोजना के अंतर्गत 1,000 से अधिक इकाइयों की स्थापना की गई या उन्हें उन्नत बनाया गया
- मेघालय में नए / संभावी उद्यमियों के उद्यमिता उत्साह को साकार बनाने के लिए स्वावलंबन लैब की स्थापना के लिए सहायता दी गई

संप्रेषण - नीति निर्माताओं और एमएसएमई उद्यमियों के साथ रचनात्मक संवाद

सिडबी-ईटी इंडिया एमएसई पुरस्कार का द्वितीय संस्करण

- पुरस्कार के द्वितीय संस्करण के लिए **13,000** से अधिक पंजीकरण हुए और **500** से भी अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की
- पुरस्कार के अंतर्गत, प्रत्येक विजेता के लिए मार्गदर्शी सहायता और प्रबंध विकास कार्यक्रम (एमडीपी) में भागीदारी सुलभ कराई गई
- यह पुरस्कार एक विशिष्ट राष्ट्रीय आयोजन के रूप में उभरा, इसमें राष्ट्रीय भागीदारों की संख्या चार से बढ़कर आठ हो गई

पुरस्कार एवं मान्यता

बैंक को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की श्रेणी में वर्ष 2019 के लिए **"बिज़नेस एक्सीलेंस थ्रू लर्निंग एंड डेवलपमेंट"** के लिए बीएमएल मुंजाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

नैगम छवि अभिवर्द्धन

प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, राष्ट्रीय टेलीविज़न और रेडियो में नियमित और लगातार कवरेज के साथ एमएसएमई पारितंत्र में बैंक के बारे में प्रचार-प्रसार में पर्याप्त वृद्धि की गई।

कोविड का प्रतिकार

आजीविका के लिए सहायता

निम्न कार्यों के लिए 9 राज्यों में कार्यरत 11 एजेंसियों / गैर-सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी की :

60,000 से अधिक **मास्कों** का वितरण

2,000 से अधिक **परिवारों** को कच्चे राशन (भोजन) और सैनिटाइजर का वितरण

लॉकडाउन की समस्याओं का सामना करने के लिए **100** **आजीविका उद्यमियों** को सहायता

5,000 **प्रवासी मजदूरों, दैनिक वेतनभोगियों** को खाद्य वितरण में मदद के लिए सहायता

मास्क बनाने के लिए **45** **स्वसहायता समूहों** और **65** **गृह-उद्यमियों** को सहायता

पूर्वोत्तर क्षेत्र और तमिलनाडु में **900** से अधिक **आजीविका विक्रेताओं** के लिए सुरक्षा कवच

बैंक ने कोविड महामारी के विरुद्ध जारी संघर्ष के समर्थन के लिए "आपात स्थितियों में प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और राहत कोष (पीएम केयर्स फंड) में ₹15 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री राहत कोष में ₹5 करोड़ की राशि दान की।

निर्धनतम राज्य समावेशी संवृद्धि (पीएसआईजी) कार्यक्रम

डीएफ़आईडी, यूके के माध्यम से यूकेऐड द्वारा वित्तपोषित इस कार्यक्रम का उद्देश्य अत्यधिक निर्धनता वाले राज्यों में गरीबों, विशेषकर महिलाओं की आय और रोज़गार के अवसरों में अभिवृद्धि करना था। यह कार्यक्रम 31 मार्च 2020 को संपन्न हो गया है।

एमएसएमई पर प्रभाव - संवर्द्धन एवं विकास

- ☑ 30 संवर्द्धनशील और विकासपरक गतिविधियों के माध्यम से 5 लाख व्यक्ति लाभान्वित हुए और इसमें आर्थिक रूप से गरीब राज्यों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया
- ☑ वित्तवर्ष 2020 में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, कौशल, पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षित पेयजल, आदि के क्षेत्र में 30 से अधिक सीएसआर गतिविधियाँ की गईं

सहायक / सहयोगी संस्थाएँ
- राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावकारी

सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड (एसवीसीएल) (1999)

- यह निवेश प्रबंध कंपनी है, जो वर्तमान में आठ निधियों के लिए निवेश प्रबंधक के रूप में कार्य करती है और इसकी आहरण-योग्य समूह-निधि ₹1,754.24 करोड़ है
- वित्तवर्ष 2020 के दौरान, एसवीसीएल ने फ़िनटेक, उपभोक्ता-केंद्रित नवोन्मेषी उत्पादों, हरित प्रौद्योगिकी और कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ₹500 करोड़ की लक्ष्य समूह-निधि वाली नवीन होराइजन निधि (एनएचएफ़) की स्थापना की
- निर्यात-उन्मुख इकाइयों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ₹250 करोड़ की समूह-निधि वाली उभरते सितारे निधि की स्थापना प्रक्रियाधीन है

माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट ऐंड रिफाइनेंस एजेंसी (मुद्रा) (2015)

- मुद्रा ने वित्तवर्ष 2020 के दौरान ₹4,000 करोड़ की पुनर्वित्त सहायता प्रदान की और 31 मार्च, 2020 को इसका बकाया संविभाग ₹9,090 करोड़ था
- 31 मार्च, 2020 तक मुद्रा द्वारा संचयी मंज़ूरियाँ और संवितरण क्रमश: ₹27,141 करोड़ और ₹25,495 करोड़ रहे

उड़ान ब्रांड के रूप में कार्यरत क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर एमएसई (सीजीटीएमएसई) (2000)

- ₹2 करोड़ तक की ऋण सुविधाओं के संबंध में एमएसई के लिए ऋण गारंटी योजना
- वित्तवर्ष 2020 के दौरान उपलब्धियाँ:

i. वर्षानुवर्ष 52% की वृद्धि के साथ, अनुमोदित गारंटियाँ बढ़कर ₹45,852 करोड़ हो गई

ii. वर्षानुवर्ष 94% की वृद्धि के साथ, अनुमोदित गारंटियों की संख्या, वर्ष 2019 के 4.36 लाख से बढ़कर वित्तवर्ष 2020 में 8.47 लाख हो गई

रिसेवेबल एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (आरएक्सआईएल) (2016)

- यह एमएसएमई ऑनलाइन ट्रेड रिसेवेबल्स डिस्काउंटिंग प्लेटफ़ॉर्म (ट्रेड्स) परिचालित करने वाला सिडबी-एनएसई का संयुक्त उद्यम है
- 31 मार्च, 2020 को इसके पास 1,787 एमएसएमई विक्रेता, 489 क्रेता (102 सीपीएसयू सहित) और 35 वित्तपोषक (फाइनेंसर) पंजीकृत थे
- 31 मार्च, 2020 को आरएक्सआईएल ट्रेड्स प्लेटफॉर्म ने संचयी रूप से ₹3,816.39 करोड़ के सकल मूल्य के 94,342 से अधिक बीजकों के प्रति फ़ैक्टरिंग (वित्तपोषण) की

एमएसएमई पर प्रभाव - सहायक / सहयोगी संस्थाएँ

1. सीजीटीएमएसई ने ₹2.21 लाख करोड़ से अधिक राशि के ऋणों के प्रति 43.07 लाख गारंटियाँ मंज़ूर की हैं और 2.59 लाख दावों के प्रति संचयी आधार पर ₹6,370.04 करोड़ की राशि का भुगतान किया है

एक्यूट रेटिंग्स एंड रिसर्च लिमिटेड (एक्यूट) (2005)

- भारत की पहली एमएसएमई-केंद्रित रेटिंग एजेंसी, जो अब एक पूर्ण-सेवा क्रेडिट रेटिंग एजेंसी है
- एक्यूट ने 31 मार्च, 2020 तक 50,000 से अधिक एसएमई रेटिंग और 8,000 से अधिक बैंक ऋण रेटिंग पूरी की हैं

इंडिया एसएमई ऐसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (आईएसएआरसी) (2008)

- 31 मार्च, 2020 तक ₹402.18 करोड़ की आस्तियाँ इसके प्रबंधाधीन हैं

इंडिया एसएमई टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड (आईएसटीएसएल) (2005)

- आईएसटीएसएल एमएसएमई इकाइयों के लिए ऊर्जा दक्ष परियोजनाओं को परामर्शी सेवाएँ प्रदान करती है
- आईएसटीएसएल प्रौद्योगिकी विकल्प, मैच मेकिंग, वित्त समूहन (सिंडिकेशन) और व्यावसायिक सहयोग के बारे में भी जानकारी प्रदान करता है

ऑनलाइन पीएसबी लोन्स लिमिटेड
पीएसबीलोन्सइन59मिनट्स

- पहुँच और प्रदत्त ऋणों के संदर्भ में सबसे बड़ा फिनटेक प्लैटफ़ॉर्म
- 31 मार्च 2019 तक 50,706 एमएसएमई इकाइयों की तुलना में, 31 मार्च 2020 तक 3.03 लाख एमएसएमई इकाइयों ने प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने वाले ऋणदाताओं से सैद्धांतिक मंज़ूरी प्राप्त की है
- 31 मार्च, 2019 तक 27,983 एमएसएमई इकाइयों की तुलना में, 31 मार्च 2020 तक 2.06 लाख एमएसएमई इकाइयों को अंतिम मंज़ूरी मिल गई है

2. सीजीटीएमएसई से गारंटी प्राप्त इकाइयों ने 127 लाख रोज़गार सृजित किए हैं और निर्यात के प्रति ₹14,648 करोड़ का योगदान किया है
3. आरएक्सआईएल ने एमएसएमई इकाइयों को उनकी ब्याज लागत 5% तक कम करने में मदद की है - प्लेटफ़ॉर्म पर सबसे कम ब्याजदर @ 6.60% प्रतिवर्ष रही

अध्याय 4 ▸ प्रबंधतंत्र और नैगम अभिशासन

बैंक ने नैतिकता के अनुकरणीय मानक कायम रखते हुए, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नैगम अभिशासन की सर्वोत्तम पद्धतियाँ अपनाई हैं और उनका पालन किया है।

निदेशक-मंडल का संघटन

सिडबी अधिनियम में 15 निदेशकों वाले निदेशक-मंडल का प्रावधान है

बैंक के शेयरधारकों की 21वीं वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 18 जुलाई, 2019 को लखनऊ में संपन्न हुई।



जोखिम प्रबंध

जोखिम प्रबंध संरचना में विभिन्न नीतियाँ, सांगठनिक ढाँचा, आईटी प्रणालियाँ, निर्धारण, मापन, शमन और विभिन्न जोखिमों की निगरानी शामिल हैं।



विलुप्त डेटा प्रग्रहण, प्रमुख जोखिम संकेतक तथा जोखिम एवं नियंत्रण के स्व-मूल्यांकन के लिए एक व्यापक परिचालन जोखिम मूल्यांकक (कोर) प्रणाली क्रियान्वित की गई।

आंतरिक समितियाँ (वित्तवर्ष के दौरान बैठकों की संख्या)

- उद्यम जोखिम प्रबंध समिति (4 बैठकें)
- यौन उत्पीड़न की रोकथाम - आंतरिक परिवाद समिति (कोई शिकायत नहीं)
- जोखिम एवं सूचना सुरक्षा समिति (3 बैठकें)
- निवेश समिति (37 बैठकें)
- व्यवसाय सातत्य प्रबंध संचालन समिति (3 बैठकें)
- आस्ति देयता प्रबंध समिति (34 बैठकें)

गैर-निष्पादक आस्ति प्रबंध

नई पहलकदमियाँ

- गैर-निष्पादक आस्ति संविभाग पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने के लिए 7 विशिष्ट आस्ति वसूली शाखाएँ और 1 वसूली कक्ष स्थापित
- ऋण वसूली नीति को और अधिक व्यवहारिक, दक्ष और परिणामोन्मुखी बनाया गया

परिचालन संबंधी प्रयास

- निदेशक-मंडल स्तर की आरआरसी - ₹3 करोड़ या उससे अधिक राशि की सभी गैर-निष्पादक आस्तियों की समीक्षा
- प्र. का. एवं परिचालन कार्यालयों के बीच आवधिक विचार विमर्श
- भारतीय रिज़र्व बैंक के एमएसएमई के पुनरुज्जीवन और पुनर्वास संबंधी ढाँचे के तहत गठित क्षेत्रीय स्तर की समितियाँ
- विशेष उल्लेखनीय (एसएमए) खातों की पाक्षिक समीक्षा के लिए दबावग्रस्त आस्ति निगरानी समिति
- सिस्टम स्वचालन और दैनंदिन सचेतक संदेशों (अलर्ट) का आरंभ

आंतरिक लेखापरीक्षा प्रबंध



मानव संसाधन

मानव संसाधन संबंधी गतिविधियाँ

- बैंक के निदेशक मंडल और उसकी समितियों के स्वतंत्र मूल्यांकन / समीक्षा के लिए सलाहकार संस्था की सेवाएँ ली गई
- डेलॉएट टुशे तोहमात्सू इंडिया एलएलपी द्वारा जन-शक्ति का विश्लेषण किया गया और वह निदेशक मंडल को प्रस्तुत किया गया
- प्रतिस्पर्धी एवं लक्ष्योन्मुख कार्य-संस्कृति सुकर बनाने के लिए कार्य-निष्पादन प्रबंध प्रणाली क्रियान्वित की गई
- कोविड-19 की वैश्विक महामारी और अनंतर लॉकडाउन के दौरान, बैंक का अबाध परिचालन सुनिश्चित किया गया
- ई-लर्निंग मॉड्यूल के माध्यम से यौन-उत्पीड़न की रोकथाम के संबंध में कर्मचारियों को संवेदनशील बनाया गया
- भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के डिजिटल प्रबंध के लिए "टीम" का प्रवर्तन किया गया
- कर्मचारी अनुकूल प्रयास
  - ▸ देर रात तक काम करने वाली महिला कर्मचारियों के लिए परिवहन की व्यवस्था
  - ▸ सेवानिवृत्त अधिकारियों / कर्मचारियों के लिए अस्पताल में भर्ती होने की नक़दी-मुक्त व्यवस्था
  - ▸ जन्मदिन के अवसर पर स्टाफ़-सदस्यों को पौधों का उपहार

मानव संसाधन संख्या (31 मार्च, 2020)

- कुल स्टाफ़ - 1,048
- अधिकारी - 916 अधिकारी
- श्रेणी III के कर्मचारी - 93
- अधीनस्थ कर्मचारी - 39
- अनुसूचित जाति - 182, अनुसूचित जनजाति - 79, अन्य पिछड़ा वर्ग - 206
- भूतपूर्व सैनिक - 5, दिव्यांगजन - 31, दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक - 1
- महिला कर्मचारी - 240 (23%)

प्रशिक्षण एवं विकास

- आंतरिक प्रशिक्षणों तथा देश के प्रख्यात प्रशिक्षण / अकादमिक संस्थाओं में 1,271 नामांकन
  - ▸ आंतरिक प्रशिक्षणों में नामांकन - 1,201
  - ▸ प्रख्यात प्रशिक्षण / अकादमिक संस्थाओं में - 70
  - ▸ महिलाएँ - 272
  - ▸ अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग - 600
- प्रमुख आंतरिक कार्यक्रम
  - ▸ ईएलएससी और शाखा कार्यालयों के अधिकारियों के लिए विपणन कार्यक्रम
  - ▸ उन्नत ऋण मूल्यांकन और वसूली संबंधी आयाम विषय पर कार्यक्रम
  - ▸ व्यवसाय सातत्य प्रबंध, साइबर सुरक्षा एवं आईटी सुरक्षा आदि विषय पर जागरूकता कार्यक्रम
  - ▸ 95 अधिकारियों के लिए कार्यशील पूँजी प्रबंध विषय पर 3 कार्यक्रम
  - ▸ कुल 126 अधिकारियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम
  - ▸ ई-लर्निंग पोर्टल पर 3 नए मॉड्यूलों का प्रवर्तन

सतर्कता

मुख्य सतर्कता अधिकारी

- प्रधान कार्यालय पर सतर्कता दल
- अतिरिक्त सतर्कता अधिकारी
- क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी

समितियाँ

- क्षेत्रीय कार्यालयों में निवारक सतर्कता समितियाँ
- प्रधान कार्यालय में केंद्रीय सतर्कता समिति
- सतर्कता संबंधी आंतरिक सलाहकार समिति

परिचालनगत ढाँचा

- मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्टों की समीक्षा
- सीटीईओ-स्वरूप के निरीक्षणों के माध्यम से निविदा प्रक्रिया की आवधिक चौकसी
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा तिमाही आधार पर सतर्कता कार्यों की समीक्षा
- सतर्कता संबंधी कामकाज का स्वचालन / डिजिटलीकरण
- सर्तकता के बारे में कार्यशालाओं, व्याख्यानों, सुग्राहिता कार्यक्रमों का आयोजन

सूचना प्रौद्योगिकी

- अल्पवित्त संस्थाओं के ग्राहकों को प्रत्यक्ष ऋण सहायता उपलब्ध कराने के लिए वेबपोर्टल का आरंभ
- प्रमुख व्यवसाय अनुप्रयोगों (एप्लीकेशनों) और "स्विफ्ट" के साथ एकीकृत विदेशी ऋण-व्यवस्था के परिचालनों और विप्रेषणों की आद्योपांत स्वचालित संसाधन प्रणाली का क्रियान्वन
- अतिरिक्त विशिष्टताओं के साथ ऑनलाइन सावधि जमा पोर्टल का पुनःप्रवर्तन
- कोविड की वैश्विक महामारी के दौरान, स्काइप फ़ॉर बिज़नेस, माइक्रोसॉफ्ट टीम, डीएमएस जैसे स्वचालन साधनों का प्रभावी नियोजन
- अपने साइबर सुरक्षा परिचालन केंद्र का कार्यान्वयन आरंभ
- डेटा केंद्रों को पुन: तीन वर्ष की अवधि के लिए आईएसएमएस-आईएसओ / आईईसी 27001:2013 प्रमाणन प्राप्त हुआ
- नेटवर्क वैंडविथ के प्रभावी उपयोग के लिए सभी स्थानों पर एसडी-वैन का क्रियान्वयन किया गया

बैंक में राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा राजभाषा कीर्ति पुरस्कार की श्रेणी में 'क' क्षेत्र के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार प्राप्त

वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार द्वारा 'क' क्षेत्र के अंतर्गत राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन हेतु प्रथम पुरस्कार

विभिन्न कार्यालयों में 88 राजभाषा कार्यान्वयन समितियाँ गठित

'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में हिंदी पत्राचार क्रमशः 93%, 91% और 73% रहा

'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में हिंदी टिप्पणियाँ क्रमशः 83%, 76% और 52% रहीं

हिंदी प्रत्रिका 'संकल्प' के 92 अंक प्रकाशित

44 हिंदी कार्यशालाएँ आयोजित

तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए आंतरिक सॉफ्टवेयर का प्रवर्तन

सभी कार्यालयों में हिंदी पुस्तकालय स्थापित है और उसके बजट का सदुपयोग हिंदी पुस्तकों की खरीदारी के लिए किया गया

राजभाषा निरीक्षण के लिए 44 कार्यालयों और 8 उद्-भागों का दौरा किया गया

15वीं अखिल भारतीय अंतरबैंक सिडबी हिंदी निबंध प्रतियोगिता और अखिल भारतीय हिंदी अधिकारी सम्मेलन आयोजित

द्वितीय अखिल भारतीय सिडबी ऑनलाइन राजभाषा प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन

- वित्तवर्ष 2020 के दौरान, सूचना के अधिकार से संबंधित 254 आवेदन प्राप्त हुए और अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, सभी आवेदन निपटाए गए
- प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (एफएए) को 23 अपीलें प्रस्तुत की गईं, प्रथम अपीलीय प्राधिकारी द्वारा किए गए निर्णयों के प्रति कोई भी अपील केंद्रीय सूचना आयोग के समक्ष प्रस्तुत नहीं की गई

सिडबी
www.sidbi.in

प्रधान कार्यालय
सिडबी टावर, 15, अशोक मार्ग,
लखनऊ - 226 001 (उ.प्र.)
फोन नंबर : 0522-2288546-49, 0522-4261600, 4259700
फैक्स नंबर : 0522-2288459

शाखा कार्यालय

यथा जुलाई 31, 2020

अहमदाबाद क्षेत्रीय कार्यालय

अहमदाबाद शाखा कार्यालय, अहमदाबाद ईएलएससी, अहमदाबाद एसएआरबी, चांगोदर शाखा कार्यालय, गांधीधाम शाखा कार्यालय, जामनगर आरआरओ, महेसाणा आरआरओ, मोरबी शाखा कार्यालय, ओढव शाखा कार्यालय, राजकोट शाखा कार्यालय, सूरत शाखा कार्यालय, वड़ोदरा शाखा कार्यालय, वटवा शाखा कार्यालय

• • •

चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय

चंडीगढ़ शाखा कार्यालय, चंडीगढ़ एसएआरबी, जालंधर शाखा कार्यालय, जम्मू आरआरओ, लुधियाना शाखा कार्यालय, शिमला आरआरओ, यमुनानगर शाखा कार्यालय

• • •

चेन्नै क्षेत्रीय कार्यालय I

चेन्नै एसएआरबी, कोयंबतुर शाखा कार्यालय, ईरोड शाखा कार्यालय, कोच्चि शाखा कार्यालय, मदुरै शाखा कार्यालय, तिरुपुर शाखा कार्यालय

• • •

चेन्नै क्षेत्रीय कार्यालय II

अंबतुर शाखा कार्यालय, चेन्नै शाखा कार्यालय, कांचीपुरम शाखा कार्यालय, पुडुचेरी शाखा कार्यालय, चेन्नै ईएलएससी

• • •

गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय

अगरतला शाखा कार्यालय, आइजॉल शाखा कार्यालय, दीमापुर शाखा कार्यालय, गंगटोक शाखा कार्यालय, गुवाहाटी शाखा कार्यालय, इम्फाल शाखा कार्यालय, ईटानगर शाखा कार्यालय, कोलकाता शाखा कार्यालय, शिलांग शाखा कार्यालय

• • •

हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय

बालानगर शाखा कार्यालय, बेंगलूरु शाखा कार्यालय, भुवनेश्वर शाखा कार्यालय, होसुर शाखा कार्यालय, हुबली आरआरओ, हैदराबाद शाखा कार्यालय, हैदराबाद ईएलएससी, हैदराबाद एसएआरबी, मैसूर शाखा कार्यालय, पीन्या शाखा कार्यालय, रायपुर शाखा कार्यालय, विजयवाड़ा शाखा कार्यालय, विशाखपट्टणम शाखा कार्यालय

• • •

जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय

भीलवाड़ा शाखा कार्यालय, भिवाड़ी शाखा कार्यालय, जयपुर शाखा कार्यालय, जोधपुर शाखा कार्यालय, किशनगढ़ शाखा कार्यालय, सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र शाखा कार्यालय, उदयपुर शाखा कार्यालय, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र शाखा कार्यालय

• • •

लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय

भोपाल शाखा कार्यालय, देहरादून शाखा कार्यालय, हरिद्वार शाखा कार्यालय, कानपुर शाखा कार्यालय, लखनऊ शाखा कार्यालय, लखनऊ ईएलएससी, लखनऊ एसएआरबी, पटना शाखा कार्यालय, प्रयागराज आरआरओ, रांची शाखा कार्यालय, रुद्रपुर शाखा कार्यालय, वाराणसी शाखा कार्यालय

• • •

नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय

बहादुरगढ़ शाखा कार्यालय, बल्लभगढ़ शाखा कार्यालय, फरीदाबाद शाखा कार्यालय, गुरुग्राम शाखा कार्यालय, कुंडली शाखा कार्यालय, नई दिल्ली शाखा कार्यालय, नई दिल्ली ईएलएससी, नई दिल्ली एसएआरबी, नोएडा शाखा कार्यालय

• • •

पुणे क्षेत्रीय कार्यालय

अहमदनगर शाखा कार्यालय, औरंगाबाद शाखा कार्यालय, चिंचवड़ शाखा कार्यालय, इंदौर शाखा कार्यालय, कोल्हापुर शाखा कार्यालय, मुंबई ईएलएससी, मुंबई एसएआरबी, नागपुर शाखा कार्यालय, नासिक शाखा कार्यालय, पणजी शाखा कार्यालय, पुणे शाखा कार्यालय, ठाणे शाखा कार्यालय, वसई शाखा कार्यालय

• • •

आभार-ज्ञापन

भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त मूल्यवान सहयोग के लिए निदेशक-मंडल धन्यवाद ज्ञापित करता है। साथ ही, विश्व बैंक समूह; जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका); डिपार्टमेंट फ़ॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (डीएफ़आइडी), यू.के.; क्रेडिटटांस्टाल्ट फर वीडराफबउ (केएफ़डब्ल्यू), जर्मनी; ड्यूश जेसेलशाफ्ट फ़र इंटरनेशनेल जुसमेनारबीट (जीआइजेड), जर्मनी; इंटरनेशनल फ़ंड फ़ॉर एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट (आईएफएडी), रोम; एजेंस फ्रैंकेज डि डेवलपमेंट (एएफ़डी), फ्रांस तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) से प्राप्त संसाधन सहायता और तकनीकी सहयोग के लिए निदेशक-मंडल उनके प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करता है। बैंकों, राज्य स्तरीय संस्थाओं, उद्योग संघों तथा एमएसएमई क्षेत्र के संवर्द्धन और विकास में लगे अन्य हितधारकों से प्राप्त सहयोग के लिए निदेशक-मंडल उनकी भी सराहना करता है।

बैंक अपने सभी ग्राहकों और निवेशकों को भी, उनसे प्राप्त सहयोग के लिए धन्यवाद देता है और आने वाले वर्षों में उनसे अनवरत सहायता की आकांक्षा करता है। वर्ष-पर्यंत, बैंक को उच्चतर विकास-पथ पर आगे बढ़ाने में प्रबल एवं अनवरत प्रतिबद्धता, सत्यनिष्ठा और समर्पण भावना से जुटे रहने वाले सिडबी के प्रत्येक स्तर के स्टाफ़-सदस्यों की सेवाओं के लिए निदेशक-मंडल उनकी प्रशंसा करता है।

सिडबी

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

www.sidbi.in

@sidbiofficial SidbiOfficial SidbiOfficial

WYATTPrism COMMUNICATIONS (info@wyatt.co.in)

वार्षिक प्रतिवेदन (भाग - II)
2019-20

सिडबी

अपना सहयोग सुदृढ़ करने में रत

सुदृढ़ एमएसएमई से परिपूर्ण ऊर्जावान अर्थव्यवस्था के लिए

क्रम-सूची

परिशिष्ट-I ..... पृष्ठ 01-42

परिशिष्ट-II ..... पृष्ठ 43-86

परिशिष्ट-I

सिडबी के लाभ हानि लेखा और नकदी प्रवाह विवरणी के साथ लेखापरीक्षित तुलन पत्र

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

शेयरधारकगण
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

1. मंतव्य

हमने "भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक" ("बैंक") के संलग्न एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, इसमें 31 मार्च, 2020 तक तुलन-पत्र, उक्त तारीख को समाप्त वर्ष का लाभ-हानि खाता, नकदी प्रवाह, वित्तीय विवरणों से संबंधित टिप्पणियाँ तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश शामिल है।

हमारे मत में साथ में दिए गए वित्तीय विवरण 31 मार्च 2020 तक बैंक के वित्तीय प्रदर्शन और समाप्त वर्ष के लिए उसका नकदी प्रवाह, बैंक की वित्तीय स्थिति का सत्य और उचित विवरण देते हैं एवं यह भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सामान्य विनियम 2000 के विनियमन 14(i), और भारत में आमतौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांत के अनुरूप है।

2. मंतव्य का आधार

हमने अपनी लेखा-परीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा-परीक्षा मानकों के अनुसार संपन्न की। उक्त मानकों के अंतर्गत हमारे दायित्वों का वर्णन हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा के संबंध में लेखा-परीक्षकों का उत्तरदायित्व खण्ड के अंतर्गत भी किया गया है। हम उन वित्तीय आवश्यकताओं के अनुसार बैंक से स्वतंत्र हैं जो हमारे वित्तीय विवरणों के ऑडिट के अनुसार प्रासंगिक हैं, और हमने इन आवश्यकताओं के अनुसार अपनी अन्य नैतिक दायित्वों को पूरा किया है। हमारी धारणा है कि हमने लेखा-परीक्षा के लिए जो प्रमाण लिया है वह हमारे मंतव्य को आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

3. महत्त्वपूर्ण विषय

i. हम स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की अनुसूची XVI के नोट 2 पर ध्यान आकर्षित करते हैं जिसमें प्रबंधन की दृष्टि से वैश्विक महामारी का प्रभाव भविष्य के परिवर्धनों पर निर्भर करेगा और बैंक के वित्तीय नियमों के अनुमोदन की तारीख को किए गए अनुमानों से अलग हो सकता है। कोविड -19 वैश्विक महामारी के कारण उधारकर्ताओं को राहत देने वाले 27 मार्च, 2020 के भारतीय रिज़र्व बैंक परिपत्र के अनुसार, बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार पात्र उधारकर्ताओं को देय ऋण किश्तों / ब्याज में अधिस्थगन अवधि देने की पेशकश की है। तदनुसार, बैंक ने दिनांक 17 अप्रैल, 2020 के भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र के अनुसार पाँच प्रतिशत की सीमा तक मार्च, 2020 के लिए ₹13.99 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है और शेष पाँच प्रतिशत उपरोक्त परिपत्र के अनुसार अगली तिमाही के लिए आस्थगित किया गया है।

ii. हम नोट 3.1 पर ध्यान आकर्षित करते हैं, जहां वर्ष के दौरान, बैंक ने मानक आस्तियों पर किए गए संपूर्ण प्रावधान पर अपने गैर-मान्यता प्राप्त आस्थगित कर आस्तियों का पुन: मूल्यांकन किया है। तदनुसार, चालू वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान ₹96,34,90,214 के आस्थगित कर आस्तियों को मान्यता दी गई है।

इन मामलों के संबंध में हमारे मंतव्य में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

4. लेखा-परीक्षा के प्रमुख विषय

लेखा-परीक्षा के प्रमुख विषय वे विषय हैं जो हमारी प्रोफेशनल राय में चालू अवधि के वित्तीय विवरण की लेखा-परीक्षा की दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण थे। एकल वित्तीय विवरणों की समग्र रूप से लेखा-परीक्षा तथा उन पर हमारी राय कायम करने के परिप्रेक्ष्य में इन विषयों का समाधान प्रस्तुत किया गया और इन विषयों पर हम अलग से कोई राय नहीं देते।

हमारी लेखा-परीक्षा में इन महत्त्वपूर्ण लेखा-परीक्षा विषयों की पहचान की गई है

क्रम सं	लेखा-परीक्षा के मुख्य विषय	लेखा-परीक्षा के मुख्य विषय पर प्रतिक्रिया
1.	**आकस्मिक देयता और आयकर के लिए प्रावधान** प्रावधानों का निर्धारण और आकलन करने के मामले में समय अथवा देयता के निपटान के लिए भविष्य में किए जानेवाले व्यय की राशि के बारे में अनिश्चितता है। आकस्मिक देयताओं के मामले में प्रकट की जानेवाली राशि के निर्धारण, अनुमान और प्राक्कलन किए गये हैं।	आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36(1) (viiए) (सी) के अंतर्गत बट्टे खाते में डाले गये तथा दावा किए गये अशोध्य ऋणों के संबंध में आयकर विभाग ने दावे को यह कहते हुए नकार दिया है कि बैंक ने दोहरा कर-लाभ लिया है, क्योंकि संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान करते समय बैंक को यह लाभ पहले ही दिया जा चुका है।

क्रम सं	लेखा-परीक्षा के मुख्य विषय	लेखा-परीक्षा के मुख्य विषय पर प्रतिक्रिया
	इसके परिणाम-स्वरूप प्रावधानों के निर्धारण और आकलन तथा आकस्मिक देयताओं के प्रकटन के लिए बड़े पैमाने पर निर्णय किया जाना अपेक्षित है। बैंक ने आयकर के प्रति ₹5,71,61,67,906/- की आकस्मिक देयता की सूचना दी है, जो बैंक के प्रति दावों से संबंधित है और जिसे वित्तीय विवरणों में ऋण नहीं बताया गया है।	हमने पूर्ववर्ती लंबित आदेशों की जाँच की है। कतिपय वर्षों के दौरान, आय-कर अपीलीय अधिकरण ने बैंक के दावे को स्वीकार किया है, जिसे विभाग ने उच्चतर प्राधिकरणों में चुनौती दी है। साथ ही, अपने दावे की व्यवहार्यता के अवसरों की पुष्टि के लिए बैंक ने बाहरी कर-विशेषज्ञों की राय भी ली है। उनकी राय के आधार पर, उक्त दावे को स्वीकार्य मानते हुए, कर के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। अतः धारा 36(1) (viiए) (सी) के अंतर्गत माँगी गयी बकाया राशि नकारे गये अन्य दावों/मामलों में, जहाँ बैंक के विरुद्ध निर्धारण किया गया है और अपीलें लंबित हैं, वहाँ उक्त राशि को आकस्मिक देयता में शामिल किया गया है। अतः कोई प्रावधान आवश्यक नहीं समझा गया है।
2.	**सूचना प्रौद्योगिकी सामान्य नियंत्रण:** बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का एक उल्लेखनीय हिस्सा काफी हद तक सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों पर निर्भर है, जिसमें सांख्यिकी का संग्रहण, भण्डारण और सूचना प्राप्त करने का कार्य स्वचालित प्रक्रियाओं तथा नियंत्रणों के ज़रिए होता है। इन प्रक्रियाओं और नियंत्रणों का एक बुनियादी घटक उपयुक्त उपयोगकर्ता की पहुँच सुनिश्चित करना है। परिवर्तन प्रबंधन प्रोटोकॉल विद्यमान है और उसका पालन किया जा रहा है। ये प्रोटोकॉल महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे सुनिश्चित करते हैं कि सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों तक पहुँचने और तत्संबंधी डाटा में परिवर्तन का कार्य अधिकृत रूप से और उपयुक्त तरीके से संपन्न किया जाता है।	हमने अपनी लेखा-परीक्षा में उन सूचना प्रौद्योगिकी-प्रणालियों तथा नियंत्रणों पर ध्यान केन्द्रित किया, जो बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। चिह्नित ऐप्लीकेशन प्रणालियों की समुचित अंतराल पर ऐप्लीकेशन सॉफ्टवेयर लेखा-परीक्षा करवाने की व्यवस्था बैंक में की गयी है। बैंक के अधिकारी शाखाओं में समुचित अंतराल पर सूचना प्रणालियों की लेखा-परीक्षा संपन्न करते हैं। हमने बाहरी परामर्शदाताओं द्वारा की गयी ऐप्लीकेशन प्रणाली-लेखा-परीक्षा तथा शाखाओं में की गयी सूचना प्रणाली लेखा-परीक्षाओं पर भरोसा किया है। बाहरी परामर्शदाताओं की रिपोर्टों तथा शाखाओं में संपन्न सूचना प्रणाली लेखा-परीक्षा रिपोर्टों की हमने नमूना आधार पर समीक्षा की है। वे उपयुक्त पायी गयीं। जहाँ कहीं आवश्यकता पड़ी, डाटा की सत्यता तथा उसकी विश्वसनीयता व रिपोर्टिंग के सत्यापन के लिए हमने अपेक्षाकृत अधिक गहन परीक्षण किया।

5. अन्य सूचना

बैंक का निदेशक-मंडल अन्य सूचना के लिए उत्तरदायी है। अन्य सूचना में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य, निदेशकों की रिपोर्ट, समग्र व्यवसाय-परिचालन, प्रबंधन एवं नैगम अभिशासन समाहित है, किन्तु उसमें समेकित वित्तीय विवरण तथा तत्संबंधी हमारी लेखा-परीक्षा रिपोर्ट शामिल नहीं है।

वित्तीय विवरणों पर हमारे मंतव्य में अन्य सूचना शामिल नहीं है और हम उस पर किसी प्रकार का आश्वासन/निष्कर्ष नहीं व्यक्त करते। वित्तीय विवरणों की अपनी लेखा-परीक्षा के संबंध में अन्य सूचना को पढ़ना और ऐसा करते समय यह विचार करना है कि क्या अन्य सूचना तथ्यात्मक रूप से वित्तीय विवरण के साथ असंगतिपूर्ण है अथवा क्या लेखा-परीक्षा से प्राप्त अथवा नहीं प्राप्त हुई हमारी जानकारी तथ्यात्मक रूप से त्रुटिपूर्ण रूप से व्यक्त की गयी लगती है

बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य, निदेशकों की रिपोर्ट, समग्र व्यवसाय-परिचालन, प्रबंधन एवं नैगम अभिशासन संबंधी सामग्री अभी तैयार की जा रही है। जब हम उसे पढ़ेंगे और यदि हमें लगेगा कि उसमें तथ्यात्मक दृष्टि से कोई त्रुटिपूर्ण कथन है तो हम अभिशासन-प्रभारियों को मामले से अवगत कराएँगे।

6. अन्य विषय

इन वित्तीय विवरणों में 25 शाखाओं की विवरणियाँ शामिल हैं जिनकी हमने लेखापरीक्षा के उद्देश्य से दौरा किया / समीक्षा की थी और इसमें प्रधान कार्यालय के खातों सहित अग्रिमों का 96.46%, जमाओं का 99.63%, उधार का 100%, अग्रिमों पर ब्याज आय का 95.64%, जमाराशियों पर ब्याज व्यय का 99.31% तथा उधार पर ब्याज व्यय का 100% भी शामिल है। इन शाखाओं का चयन बैंक के परामर्श से किया गया है। हमने बैंक की शेष शाखाओं का दौरा नहीं किया है और प्रधान कार्यालय में उनकी विवरणियों की समीक्षा की है।

7. वित्तीय विवरणों के संबंध में प्रबंधन का उत्तरदायित्व

बैंक का प्रबंधन, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सामान्य विनियम 2000 और भारत में आम तौर पर मान्य लेखांकन सिद्धांत के अनुसार वित्तीय विवरणों की तैयारी और उचित प्रस्तुति के लिए उत्तरदायी है, साथ ही, इस तरह के आंतरिक नियंत्रण जो वित्तीय विवरणों की तैयारी हेतु प्रबंधन द्वारा निर्धारित करने के लिए आवश्यक है तथा धोखाधड़ी के कारण या त्रुटिवश मिथ्याकथन से मुक्त हैं।

वित्तीय विवरण तैयार करने में प्रबंधन लाभप्रद प्रतिष्ठान के रूप में जारी रहने की बैंक की क्षमता के आकलन, यथास्थिति लाभप्रद प्रतिष्ठान से संबंधित मामलों के प्रकटन तथा जब तक प्रबंधन बैंक के समापन अथवा उसके परिचालन को बंद करने का इरादा नहीं रखता अथवा ऐसा करने के अलावा उसके पास कोई वास्तविक विकल्प नहीं होता, तब तक लाभप्रद प्रतिष्ठान का आधार प्रयोग करते रहने के लिए उत्तरदायी हैं।

अभिशासन के प्रभारी बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए उत्तरदायी है।

8. वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा के संबंध में लेखा-परीक्षक के उत्तरदायित्व

हमारा उद्देश्य समग्र रूप से वित्तीय विवरण के कपट से अथवा त्रुटिवश होने वाले तथ्यात्मक मिथ्या-कथन से रहित होने का आश्वासन प्राप्त करना, और एक ऐसी लेखा-परीक्षक-रिपोर्ट जारी करना है जिसमें हमारी राय शामिल हो। समुचित आश्वासन एक उच्च-स्तरीय आश्वासन होता है, किन्तु वह ऐसी गारंटी नहीं है कि लेखापरीक्षा-मानक के अनुरूप की गयी लेखा-परीक्षा में सदा ही किसी तथ्यात्मक मिथ्या कथन की मौजूदगी का पता चल जाएगा। मिथ्याकथन कपट अथवा त्रुटिवश हो सकते हैं और उन्हें एकल रूप से अथवा सम्मिलित रूप में तब तथ्यात्मक माना जाता है जब इन समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ता द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों के उन मिथ्याकथनों से पर्याप्त रूप में प्रभावित होने की संभावना हो।

लेखापरीक्षा-मानक के अनुरूप लेखापरीक्षा के हिस्से के रूप में हम समूची लेखापरीक्षा-प्रक्रिया के दौरान पेशेवराना विवेक का उपयोग करते हैं और पेशेवराना सावधानी बनाए रखते हैं। साथ ही, हम:

- कपटपूर्वक अथवा त्रुटिवश वित्तीय विवरणों में तथ्यात्मक मिथ्याकथन के जोखिम की पहचान व आकलन करते हैं, उक्त जोखिमों के अनुरूप लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ तैयार करके उन्हें संपन्न करते हैं और लेखापरीक्षा का ऐसा प्रमाण प्राप्त करते हैं जो हमारे मंतव्य का आधार बनने के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त हो। किसी कपट के फलस्वरूप तथ्यात्मक मिथ्याकथन के पता न चलने का जोखिम त्रुटिवश हुए मिथ्याकथन के जोखिम की तुलना में बड़ा होता है, क्योंकि कपट में मिलीभगत, जालसाजी, इरादतन भूल-चूक, मिथ्या प्रस्तुतीकरण अथवा आंतरिक नियंत्रण की अनदेखी का हाथ हो सकता है।

- आंतरिक नियंत्रण की जानकारी हासिल करते हैं, जो लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हो, ताकि लेखापरीक्षा की ऐसी प्रक्रिया तैयार की जा सके जो उक्त परिस्थिति के लिए उपयुक्त हो।

- उपयोग की गयी लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और लेखांकन प्राक्कलनों तथा प्रबंधन द्वारा किए गए तत्संबंधी प्रकटनों का मूल्यांकन करते हैं।

- प्रबंधन द्वारा लेखांकन के लिए लाभप्रद प्रतिष्ठान-आधार के उपयोग की उपयुक्तता के संबंध में और प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा-प्रमाण के आधार पर यह निष्कर्ष निकालते हैं कि क्या घटनाओं अथवा स्थितियों से संबंधित कोई ऐसी तथ्यात्मक अनिश्चितता विद्यमान है जिसके फलस्वरूप लाभप्रद प्रतिष्ठान के रूप में जारी रहने की समूह की क्षमता पर कोई उल्लेखनीय संदेह उत्पन्न होता हो। यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि कोई तथ्यात्मक अनिश्चितता विद्यमान है तो हमसे यह अपेक्षित होता है कि अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में हम वित्तीय विवरणों में तत्संबंधी प्रकटनों अथवा यदि ऐसे प्रकटन अपर्याप्त हों तो अपने मंतव्य में संशोधन की ओर ध्यान आकर्षित करें। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गये लेखापरीक्षा-प्रमाणों पर आधारित हैं। किन्तु, भविष्य की घटनाओं अथवा स्थितियों के कारण लाभप्रद प्रतिष्ठान के रूप में समूह का जारी रहना बन्द हो सकता है।

- वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतीकरण, संरचना और विषयवस्तु का मूल्यांकन करते हैं। इसमें प्रकटन और यह देखना भी शामिल है कि वित्तीय विवरण अंतर्निहित व घटनाओं को इस रूप में दर्शाए, जिससे उचित प्रस्तुतीकरण का उद्देश्य पूर्ण हो सके।

हम अभिशासन-प्रभारियों के साथ अन्य विषयों के अलावा लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे और समय तथा लेखापरीक्षा के महत्त्वपूर्ण निष्कर्षों व आंतरिक नियंत्रण की ऐसी उल्लेखनीय कमियों के बारे में बातचीत करते हैं जिन्हें हमने अपनी लेखापरीक्षा के दौरान चिह्नित किया हो।

अभिशासन-प्रभारियों को हम वह विवरण भी प्रदान करते हैं जिसे हमने निष्पक्षता के संबंध में संगत नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन करते हुए तैयार किया है। साथ ही, हम उन्हें अपने उन संबंधों व अन्य विषयों की सूचना भी देते हैं जिससे हमारी निष्पक्षता और जहाँ लागू हो, वहाँ तत्संबंधी सुरक्षा-उपायों पर समुचित प्रभाव पड़ने की संभावना हो।

9. अन्य विधिक तथा विनियामक अपेक्षाओं से संबंधित रिपोर्ट

हम सूचित करते हैं कि

i. तुलन-पत्र,लाभ-हानि लेखा एवं नकद प्रवाह विवरणी, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सामान्य विनियम 2000 के विनियम 14(i) में उल्लिखित अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार किए गए हैं।

ii. हमने वह समस्त सूचना व स्पष्टीकरण माँगे और प्राप्त किए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के

अनुसार उपर्युक्त वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से आवश्यक थे और हमने उन्हें संतोषजनक पाया है।

iii. हमारी राय में, जहां तक खाता-बहियों की जाँच से हमारे देखने में आया है, बैंक ने विधित: उपयुक्त खाता बहियाँ तैयार की है।

iv. इस रिपोर्ट के लिए जिस तुलन-पत्र, लाभ-हानि खाते तथा नकदी प्रवाह विवरण का उपयोग किया गया है वे खाता-बहियों के अनुरूप है।

v. हमारे संज्ञान में आए बैंक के संव्यवहार बैंक की शक्तियों के अंदर ही किए गए हैं।

vi. बैंक की शाखाओं और कार्यालयों से प्राप्त विवरणियाँ हमारी लेखा-परीक्षा के लिए पर्याप्त थीं।

vii. हमारे मतानुसार, उपर्युक्त वित्तीय विवरणों में लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन हुआ है।

कृते छाजेड एंड दोषी
सनदी लेखाकार
[फर्म का पंजीकरण सं. 101794डब्ल्यू]

किरण के दफ्तरी
साझीदार
सदस्य सं. 010279
यूडीआईएन-20010279AAAAAN2925

स्थान: मुंबई
दिनांक: 15 मई, 2020

तुलन-पत्र

यथा 31 मार्च, 2020

(राशि ₹ में)

		मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
पूंजी और देयताएँ	**अनुसूचियाँ**		
पूंजी	I	5,31,92,20,310	5,31,92,20,310
प्रारक्षितियाँ, आधिक्य और निधियाँ	II	1,84,65,53,87,321	1,61,53,16,39,410
जमा राशियाँ	III	10,59,71,64,39,231	7,19,22,47,49,673
उधारियाँ	IV	5,57,03,38,37,542	5,96,99,79,07,871
अन्य देयताएँ और प्रावधान	V	68,64,97,19,422	75,27,76,17,911
आस्थगित कर देयताएँ (नोट 3 का सदर्भ लें)		1,52,32,715	25,71,28,715
योग		**18,75,38,98,36,541**	**15,58,60,82,63,890**
आस्तियां			
नकद एवं बैंक शेष	VI	64,83,38,91,127	54,05,25,12,178
निवेश	VII	1,11,17,85,33,236	88,18,19,96,172
ऋण व अग्रिम	VIII	16,54,21,56,14,553	13,62,30,37,01,258
अचल आस्तियां	IX	2,86,71,15,169	2,85,40,92,585
अन्य आस्तियाँ	X	42,29,46,82,456	51,21,59,61,697
योग		**18,75,38,98,36,541**	**15,58,60,82,63,890**
आकस्मिक देयताएँ	XI	76,13,98,91,761	93,65,32,75,072
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	XV		
लेखांकन विषयक टिप्पणियाँ	XVI		
उपरोल्लिखित अनुसूचियाँ तुलन-पत्र का अविभाज्य अंग हैं			

सम दिनांक की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते **छाजेड़ व दोषी**
सनदी लेखाकर
फर्म का पंजीकरण सं. 101794 डब्ल्यू

किरण के. दफ्तरी
साझीदार
सदस्य सं. 010279

निदेशक मण्डल के आदेश से

राजेन्द्र अग्रवाल
महाप्रबंधक
(निगमित लेखा उदभाग)

मनोज मित्तल
उप प्रबंध निदेशक

मोहम्मद मुस्तफा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

जी गोपालकृष्ण
निदेशक

आशीष गुप्ता
निदेशक

नई दिल्ली, 15 मई, 2020

लाभ-हानि खाता

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष का

(राशि ₹ में)

	अनुसूचियाँ	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
आय			
ब्याज एवं बट्टा	XII	1,10,20,93,69,739	94,82,13,19,357
अन्य आय	XIII	10,69,36,41,116	4,34,24,76,550
योग		**1,20,90,30,10,855**	**99,16,37,95,907**
व्यय			
ब्याज और वित्तीय प्रभार (नोट 8 देखें)		77,22,05,87,193	69,03,01,12,006
परिचालन व्यय	XIV	6,07,45,88,592	5,12,37,49,980
प्रावधान और आकस्मिकताएं		9,52,98,06,119	(2,48,79,420)
कुल योग		**92,82,49,81,904**	**74,12,89,82,566**
कर-पूर्व लाभ		**28,07,80,28,951**	**25,03,48,13,341**
आयकर के लिए प्रावधान (नोट 4 देखें)		5,17,47,06,878	6,05,64,69,013
आस्थगित कर समायोजन [(आस्ति / देयता] (नोट 3 देखें)		(24,18,96,000)	(54,36,89,736)
कर-पश्चात लाभ		**23,14,52,18,073**	**19,52,20,34,064**
अग्रानीत लाभ		49,99,16,015	43,13,26,886
कुल लाभ /(हानि)		**23,64,51,34,088**	**19,95,33,60,950**
विनियोजन			
सामान्य आरक्षिति में अंतरण		22,10,00,00,000	16,64,00,00,000
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)) (viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षिति में अंतरण		55,00,00,000	70,00,00,000
अन्य			
निवेश उतार चढ़ाव आरक्षिति में अंतरण		33,59,018	44,22,00,000
स्टाफ कल्याण निधि में अंतरण		3,00,00,000	2,00,00,000
शेयरों पर लाभांश		-	1,36,96,99,230
लाभांश पर कर		-	28,15,45,705
अग्रानीत लाभ और हानि खाते में अधिशेष		96,17,75,070	49,99,16,015
कुल		**23,64,51,34,088**	**19,95,33,60,950**
प्रति शेयर मूल / विलयित अर्जन (नोट 20 देखें)		43.51	36.70
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	XV		
लेखा टिप्पणियाँ	XVI		

उक्त अनुसूचियाँ लाभ और हानि लेखे का अभिन्न अंग है।

सम दिनांक की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते **छाजेड़ व दोषी**
सनदी लेखाकर
फर्म का पंजीकरण सं. 101794 डब्ल्यू

किरण के. दफ्तरी
साझीदार
सदस्य सं. 010279

राजेन्द्र अग्रवाल
महाप्रबंधक
(निगमित लेखा उदभाग)

निदेशक मण्डल के आदेश से

मनोज मित्तल
उप प्रबंध निदेशक

मोहम्मद मुस्तफा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

जी गोपालकृष्ण
निदेशक

आशीष गुप्ता
निदेशक

नई दिल्ली, 15 मई, 2020

तुलन-पत्र की अनुसूचियाँ

पूंजी और देयताएँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची I: पूंजी	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
(क) प्राधिकृत पूंजी	10,00,00,00,000	10,00,00,00,000
- ईक्विटी शेयर पूंजी (10 रुपये प्रति शेयर की दर से 75,00,00,000 ईक्विटी शेयर)	7,50,00,00,000	7,50,00,00,000
- अधिमानी शेयर पूंजी (10 रुपये प्रति शेयर की दर से 25,00,00,000 अधिमानी शेयर)	2,50,00,00,000	2,50,00,00,000
(ख) जारी की गई, अभिदत्त और चुकता पूंजी	5,31,92,20,310	5,31,92,20,310
- ईक्विटी शेयर पूंजी (10 रुपये प्रति शेयर की दर से 53,19,22,031 ईक्विटी शेयर)	5,31,92,20,310	5,31,92,20,310
- अधिमानी शेयर पूंजी	-	-
योग	**5,31,92,20,310**	**5,31,92,20,310**

(राशि ₹ में)

अनुसूची II: आरक्षितियां, अधिशेष और निधियां	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
क) आरक्षित निधि		
i) सामान्य आरक्षित निधि		
- आरंभिक शेष	1,24,63,51,37,200	1,07,99,51,37,200
- वर्ष के दौरान जोड़ी गई	22,10,00,00,000	16,64,00,00,000
- वर्ष के दौरान उपयोजित राशि	-	-
- अंतिम शेष	**1,46,73,51,37,200**	**1,24,63,51,37,200**
ii) शेयर प्रीमियम		
- आरंभिक शेष	16,68,07,79,690	16,68,07,79,690
- वर्ष के दौरान जोड़ी गई	-	-
- वर्ष के दौरान उपयोजित राशि	-	-
- अंतिम शेष	**16,68,07,79,690**	**16,68,07,79,690**
iii) विशिष्ट आरक्षित निधियाँ		
क) निवेश हेतु आरक्षित निधि		
- आरंभिक शेष	-	-
- वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि	-	-
- वर्ष के दौरान उपयोजित राशि	-	-
- अंतिम शेष	**-**	**-**
ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अनुसार निर्मित एवं सुरक्षित विशेष आरक्षितियां		
- आरंभिक शेष	15,67,00,00,000	14,97,00,00,000
- वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि	55,00,00,000	70,00,00,000
- वर्ष के दौरान उपयोजित राशि	-	-
- अंतिम शेष	**16,22,00,00,000**	**15,67,00,00,000**
ग) अन्य आरक्षितियाँ		
i) निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षिति		
- आरंभिक शेष	1,14,59,86,026	70,37,86,026
- वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि	33,59,018	44,22,00,000
- वर्ष के दौरान उपयोजित राशि		
- अंतिम शेष	**1,14,93,45,044**	**1,14,59,86,026**

तुलन-पत्र की अनुसूचियाँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची II: आरक्षितियां, अधिशेष और निधियां	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
ख) लाभ-हानि खाते में अधिशेष	96,17,75,070	49,99,16,015
ग) निधियाँ		
क) राष्ट्रीय ईक्विटी निधि		
- आरंभिक शेष	2,65,23,89,862	2,56,95,54,646
- वर्ष के दौरान परिवर्धन/पुनरांकन	37,52,970	8,28,35,216
- वर्ष के दौरान उपयोग	-	-
- अंतिम शेष	**2,65,61,42,832**	**2,65,23,89,862**
ख) स्टाफ कल्याण निधि		
- आरंभिक शेष	24,74,30,617	24,92,32,557
- वर्ष के दौरान परिवर्धन	3,00,00,000	2,00,00,000
- वर्ष के दौरान उपयोग	2,52,23,132	2,18,01,940
- अंतिम शेष	**25,22,07,485**	**24,74,30,617**
ग) अन्य	-	-
योग	**1,84,65,53,87,321**	**1,61,53,16,39,410**

(राशि ₹ में)

अनुसूची III: जमा	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
क) सावधि जमा	31,77,53,39,231	64,86,00,49,673
ख) बैंको से		
क) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पुनर्वित्त निधि के अंतर्गत	9,39,05,30,50,000	5,80,00,00,00,000
ख) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम जोखिम पूंजी निधि के अंतर्गत	10,00,00,00,000	15,00,00,00,000
ग) अन्य-विदेशी और निजी क्षेत्र के बैंकों से	-	-
घ) एमएसएमई भारत नवाकांक्षा निधि के अंतर्गत	7,02,35,25,000	9,36,47,00,000
ञ) एमएसएमई क्षेत्र की उद्यम पूंजी निधि 2014-15 के अंतर्गत	71,86,45,25,000	50,00,00,00,000
(ख) उप-योग	**10,27,94,11,00,000**	**6,54,36,47,00,000**
योग	**10,59,71,64,39,231**	**7,19,22,47,49,673**

(राशि ₹ में)

अनुसूची IV: उधारियां	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
I) भारत में उधारियां		
1. भारतीय रिजर्व बैंक से	-	-
2. भारत सरकार से (नोट 12 का सदर्भ लें)	21,07,48,45,249	21,46,93,19,323
(भारत सरकार द्वारा अभिदत्त बॉण्ड सहित)		
3. बॉण्ड एवं डिबेंचर (नोट 6 का सदर्भ लें)	1,75,62,50,00,000	1,44,95,50,00,000
4. अन्य स्रोतों से		
- वाणिज्यिक पत्र	49,50,00,00,000	47,50,00,00,000
- जमा प्रमाण पत्र	1,98,90,00,00,000	1,51,55,00,00,000
- बैंकों से सावधि ऋण	14,36,35,43,399	1,24,46,56,06,275
- सावधि मुद्रा उधारियां	-	-
- अन्य (नोट 15 का संदर्भ लें)	4,74,98,02,338	14,99,20,398
उप-योग (I)	**4,64,21,31,90,986**	**4,90,08,98,45,996**

तुलन-पत्र की अनुसूचियाँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची IV: उधारियां	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
II) भारत से बाहर उधारियां		
(क) केएफडब्ल्यू, जर्मनी	11,60,28,09,154	14,44,29,19,606
(ख) जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जाइका)	34,07,23,44,393	36,80,54,19,486
(ग) आईएफएड़ी, रोम (नोट 18 का सदर्भ लें)	1,15,34,15,466	1,12,48,25,395
(घ) विश्व बैंक	43,46,01,15,739	51,47,72,81,791
ञ) अन्य	2,53,19,61,804	3,05,76,15,597
उप-योग (II)	**92,82,06,46,556**	**1,06,90,80,61,875**
योग (I &II)	**5,57,03,38,37,542**	**5,96,99,79,07,871**

(राशि ₹ में)

अनुसूची V: अन्य देयताएं व प्रावधान	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
उपचित ब्याज	27,16,74,34,630	28,41,05,15,952
सिडबी कर्मचारी भविष्य निधि के लिए प्रावधान	3,09,97,41,738	2,80,17,62,288
सिडबी पेंशन निधि के लिए प्रावधान	62,60,20,000	45,55,68,252
बीमारी की छुट्टी निधि के लिए प्रावधान	6,27,63,000	11,18,93,681
चिकित्सा सहायता योजना निधि के लिए प्रावधान	21,30,15,000	18,00,58,808
कर्मचारी हितलाभ के लिए प्रावधान	1,66,08,07,000	1,09,09,74,143
अन्य (प्रावधान सहित) (नोट 14 एवं 23 का सदर्भ लें)	27,73,24,85,782	33,53,24,69,017
विदेशी मुद्रा दर उतार-चढ़ाव हेतु प्रावधान (नोट 11 का सदर्भ लें)	1,53,73,62,766	1,53,73,62,766
मानक आस्तियों के लिए किए गए आकस्मिक प्रावधान (नोट 24 का सदर्भ लें)	6,55,00,89,506	5,50,57,68,069
प्रस्तावित लाभांश (लाभांश पर कर सहित) (नोट 21 का सदर्भ लें)	-	1,65,12,44,935
योग	**68,64,97,19,422**	**75,27,76,17,911**

आस्तियाँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची VI: नकदी और बैंक अतिशेष	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
1. हाथ में नकदी और भारतीय रिजर्व बैंक में अतिशेष	6,16,569	6,09,656
2. अन्य बैंकों में अतिशेष		
(क) भारत में		
i) चालू खातों में	31,01,91,553	63,21,22,564
ii) अन्य निक्षेप खातों में	60,47,58,45,836	47,22,98,66,715
(ख) भारत से बाहर		
i) चालू खातों में	5,19,09,337	16,18,137
ii) अन्य निक्षेप खातों में	3,99,53,27,832	6,18,82,95,106
योग	**64,83,38,91,127**	**54,05,25,12,178**

तुलन-पत्र की अनुसूचियाँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची VII: निवेश [प्रावधानों को घटाकर]	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
क) राजकोषीय परिचालन		
1. केंद्र और राज्य सरकारों की प्रतिभूतियाँ	4,91,62,54,874	4,46,80,73,744
2. बैंकों और वित्तीय संस्थानों के शेयर	-	-
3. बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बॉण्ड्स और डिबेंचर्स	7,39,95,25,696	6,40,56,57,541
4. औद्योगिक प्रतिष्ठानों के स्टॉक, शेयर, बॉण्ड्स और डिबेंचर्स	1,99,92,72,771	1,99,92,72,771
5. अल्पावधि बिल पुनर्भुनाई योजना	-	-
6. अन्य	65,76,99,85,928	44,60,07,32,633
उप-योग (क)	**80,08,50,39,269**	**57,47,37,36,689**
ख) व्यवसाय परिचालन		
1. बैंकों और वित्तीय संस्थानों के शेयर	1,82,22,71,142	1,78,47,71,142
2. बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बॉण्ड्स और डिबेंचर्स	-	-
3. औद्योगिक प्रतिष्ठानों के स्टॉक, शेयर, बॉण्ड्स और डिबेंचर्स	4,63,89,03,959	4,85,32,42,053
4. सहायक संगठनों में निवेश	17,51,04,98,740	17,51,04,98,740
5. अन्य	7,12,18,20,126	6,55,97,47,548
उप-योग (ख)	**31,09,34,93,967**	**30,70,82,59,483**
योग (क+ख)	**1,11,17,85,33,236**	**88,18,19,96,172**

(राशि ₹ में)

अनुसूची VIII: ऋण एवं अग्रिम [प्रावधान के बाद]	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
क) निम्नलिखित को पुनर्वित्त		
- बैंक एवं वित्तीय संस्थाएँ	14,32,32,64,04,547	11,62,77,55,95,686
- अल्प वित्त संस्थाएँ	18,21,00,01,621	11,71,50,70,388
- गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ	1,03,74,97,12,032	93,69,98,42,689
- बिलों की पुनर्भुनाई	-	-
- अन्य (संसाधन सहायता)	-	-
उप-योग (क)	**15,54,28,61,18,200**	**12,68,19,05,08,763**
ख) प्रत्यक्ष ऋण		
- ऋण एवं अग्रिम	98,66,91,14,927	88,96,65,09,187
- प्राप्य वित्त योजना	1,26,03,81,426	5,14,66,83,308
- भुनाए गए बिल	-	-
उप-योग (ख)	**99,92,94,96,353**	**94,11,31,92,495**
योग (क+ख)	**16,54,21,56,14,553**	**13,62,30,37,01,258**

(राशि ₹ में)

अनुसूचीIX: स्थिर आस्तियां [मूल्यह्रास घटाकर]	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
1. परिसर (नोट 10 का सदर्भ लें)	2,83,87,18,310	2,83,23,37,105
2. अन्य	2,83,96,859	2,17,55,480
योग	**2,86,71,15,169**	**2,85,40,92,585**

तुलन-पत्र की अनुसूचियाँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची X: अन्य आस्तियां	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
उपचित ब्याज	20,69,30,66,262	32,90,17,83,584
अग्रिम कर (प्रावधान के बाद)	3,88,74,70,623	3,73,69,24,296
अन्य	12,18,97,70,500	7,12,12,90,646
व्यय जिस सीमा तक बट्टे खाते में नहीं डाला गया है (नोट 7 का सदर्भ लें)	5,52,43,75,071	7,45,59,63,171
कुल	**42,29,46,82,456**	**51,21,59,61,697**

(राशि ₹ में)

अनुसूची XI: आकस्मिक देयताएं		मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
i)	बैंक पर वे दावे, जिन्हें ऋण नहीं माना गया है (नोट 5 का सदर्भ लें)	5,74,27,63,852	6,98,13,20,359
ii)	गारंटियों / साख-पत्रों के फलस्वरूप	46,99,22,915	54,95,08,487
iii)	वायदा संविदाओं के फलस्वरूप	5,79,87,607	1,03,14,60,100
iv)	हामीदारी प्रतिबद्धताओं के फलस्वरूप	-	-
v)	आंशिक रूप से चुकता शेयरों, डिबेंचरों पर न मांगी गई राशियों के फलस्वरूप	5,19,13,80,042	6,33,78,34,494
vi)	अन्य मदें, जिनके लिए बैंक की आकस्मिक देयता है (व्युत्पन्नी संविदाएँ इत्यादि)	64,67,78,37,345	78,75,31,51,632
योग		**76,13,98,91,761**	**93,65,32,75,072**

लाभ एवं हानि खाते की अनुसूचियाँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची XII: ब्याज एवं बट्टा	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
1. ऋणों अग्रिमों और बिलों पर ब्याज और बट्टा	1,03,92,13,18,393	91,28,15,41,701
2. निवेशों / बैंक अधिशेषों पर आय	6,28,80,51,346	3,53,97,77,656
योग	**1,10,20,93,69,739**	**94,82,13,19,357**

(राशि ₹ में)

अनुसूची XIII: अन्य आय	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
1. अग्रिम देय एवं संसाधन शुल्क	47,71,19,491	31,36,51,911
2. कमीशन एवं दलाली	1,25,57,895	1,49,28,003
3. निवेशों की बिक्री पर लाभ	3,98,46,25,620	2,50,74,34,846
4. सहयोगी / सहायक संस्थाओं से लाभांश आदि के माध्यम से अर्जित आय	4,97,93,519	25,62,65,741
5. पिछले वर्षों के पुनरांकन का प्रावधान	-	-
6. अन्य (नोट 11 एवं 17 देखें)	6,16,95,44,591	1,25,01,96,049
योग	**10,69,36,41,116**	**4,34,24,76,550**

(राशि ₹ में)

अनुसूची XIV: परिचालन व्यय	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
कर्मचारियों के लिए किये गए भुगतान और प्रावधान	3,93,57,01,040	3,68,56,94,181
किराया, कर और बिजली	16,53,46,313	18,91,63,591
मुद्रण एवं स्टेशनरी	1,03,25,939	89,85,897
विज्ञापन और प्रचार	9,89,69,313	5,47,52,845
बैंक की संपत्ति पर मूल्यह्रास / ऋण-परिशोधन	18,27,17,393	18,26,95,963
निदेशकों की फीस, भत्ते और व्यय	42,99,620	34,08,920
लेखा परीक्षक शुल्क	29,24,757	30,72,480
विधि प्रभार	1,52,91,720	1,76,48,706
डाक, कोरियर, टेलीफोन आदि	22,66,850	20,68,494
मरम्मत और रखरखाव	17,21,34,109	12,34,73,048
बीमा	51,04,626	43,83,945
सीजीटीएमएसई में योगदान	-	-
अन्य व्यय	1,47,95,06,912	84,84,01,910
योग	**6,07,45,88,592**	**5,12,37,49,980**

तुलन-पत्र की अनुसूचियाँ

अनुसूची XV: महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1 तैयार करने के आधार

वित्तीय विवरण सभी महत्त्वपूर्ण दृष्टियों से भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अधिनियम, 1989 तथा उसके विनियमों, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदण्डों, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा लागू जारी लेखा मानकों और बैंकिंग उद्योग में प्रचलित पद्धतियों के अनुपालन में तैयार किए गए हैं। जब तक अन्यथा उल्लिखित न हो, समेकित वित्तीय विवरण ऐतिहासिक लागत पद्धति के अंतर्गत उपचय आधार पर तैयार किए गए हैं। जब तक कि अन्यथा उल्लिखित न हो, बैंक द्वारा लागू की गई लेखा-नीतियाँ पिछले वर्ष प्रयोग की गई नीतियों के अनुरूप हैं।

आकलनों का उपयोग:

आम तौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धान्तों की अनुरूपता में वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए प्रबंधन से अपेक्षित होता है कि वह ऐसे आकलन और अनुमान करें, जो वित्तीय विवरण की तारीख में आस्तियों और देयताओं की रिपोर्ट की गई राशियों, आकस्मिक देयताओं के प्रकटन और रिपोर्ट की अवधि में रिपोर्ट की गई आय और व्यय की राशियों को प्रभावित करते हैं। प्रबंधन का मानना है कि ये अनुमान और मान्यताएँ उचित और विवेकपूर्ण हैं। हालांकि वास्तविक परिणाम उक्त अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं। लेखा अनुमानों में किसी संशोधन का निर्धारण संबंधित लेखा-मानक की अपेक्षाओं के अनुरूप किया जाता है।

2 राजस्व निर्धारण

बैंक को जो भी संभव आर्थिक लाभ से राजस्व मिलेगा उसका निर्धारण किया गया है और राजस्व को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है।

क) आय:

(i) दण्डात्मक ब्याज सहित ब्याज आय को उपचय आधार पर हिसाब में लिया गया है, सिवाय अनर्जक आस्तियों के मामलों के जहाँ उसे वसूली के बाद हिसाब में लिया गया है।

(ii) लाभ और हानि लेखा में आय, सकल रूप में अर्थात् भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधानों तथा बैंक की आन्तरिक नीति के अनुसार दर्शायी गई है।

(iii) बिलों की भुनाई/पुनर्भुनाई तथा लिखतों की भुनाई को लिखतों की मीयाद के अनुसार निरंतर प्रतिलाभ आधार पर निर्धारित किया गया है।

(iv) मानक (अर्जक) आस्तियों के संबंध में वचनबद्धता प्रभार, बीज पूँजी/सुलभ ऋण सहायता पर सेवा-प्रभार और रॉयल्टी आय को उपचय आधार पर हिसाब में लिया गया है।

(v) औद्योगिक प्रतिष्ठानों और वित्तीय संस्थाओं में धारित शेयरों पर जब लाभांश प्राप्त करने का अधिकार स्थापित होता है तो लाभांश को वसूली के पश्चात् आय माना गया है।

(vi) उद्यम पूँजी निधियों से आय को वसूली आधार पर हिसाब में लिया गया है। उद्यम पूंजी निधि में यूनिट / शेयरों के मोचन को एच टी एम श्रेणी में बिक्री के रूप में नहीं माना जाता।

(vii) अनर्जक आस्तियों की वसूली को निम्नलिखित क्रम से विनियोजित किया गया है:

(क) अनर्जक आस्ति बनने की तारीख तक अतिदेय ब्याज

(ख) मूलधन

(ग) लागत व प्रभार

(घ) ब्याज एवं

(ङ) दंडात्मक ब्याज

(viii) ऋणों एवं अग्रिमों की बिक्री पर प्रत्यक्ष समनुदेशन से हुए लाभ/हानि को भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रचलित दिशानिर्देशों के अनुसार हिसाब में लिया गया है।

(ix) पहले वर्षों में बट्टे खाते में डाले गए ऋणों के सन्दर्भ में प्राप्त राशियों को लाभ हानि लेखे में आय के रूप में लिया गया है।

(x) किसी भी श्रेणी के निवेशों की बिक्री से लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखा में ले जाया गया है। तथापि 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के निवेशों की बिक्री पर लाभ के मामले में, लागू करों के समतुल्य राशि को पूँजी आरक्षित खाते में विनियोजित कर दिया गया है।

(xi) सात साल से अधिक की अवधि के लिए दावा न किए गए देनदारियों (सांविधिक देनदारियों के अलावा) के रूप में पड़ी राशि को आय के रूप में लिया गया है।

(xii) बैंक द्वारा आयकर विभाग से जारी किए गए ऐसे रिफंड आदेश / आदेश देने वाले प्रभावों की प्राप्ति पर आयकर रिफंड पर ब्याज को हिसाब में लिया गया है।

(xiii) उधारकर्ताओं से सीजीटीएमएसई शुल्क, मूल्यांकन शुल्क, अधिवक्ता शुल्क, बीमा इत्यादि की वसूली नकद आधार पर की जाती है।

ख) व्यय:

(i) विकास व्यय को छोड़कर शेष सभी व्यय उपचय आधार पर हिसाब में लिए गए हैं। विकास व्यय को नकद आधार पर हिसाब में लिया गया है।

(ii) जारी किए गए बॉण्डों और वाणिज्यिक पत्रों पर बट्टे को बॉण्डों और वाणिज्यिक पत्रों की मीयाद के अनुसार परिशोधित कर दिया गया है। बॉण्ड जारी करने संबंधी व्ययों को बॉण्डों की मीयाद के अनुसार परिशोधित कर दिया गया है।

3 निवेश

(i) भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, संपूर्ण निवेश संविभाग को 'परिपक्वता तक धारित', 'बिक्री हेतु उपलब्ध' तथा 'व्यापार हेतु धारित' की श्रेणियों में विभाजित कर दिया गया है। निवेशों का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है। प्रत्येक श्रेणी के निवेशों को पुनः निम्नलिखित रूप में वर्गीकृत किया गया है:

क) सरकारी प्रतिभूतियाँ,

ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ,

ग) शेयर,

घ) डिबेंचर तथा बॉण्ड

ङ) सहायक संस्थाएँ / संयुक्त उपक्रम और

च) अन्य (वाणिज्यिक पत्र, म्युचुअल फंड यूनिट, प्रतिभूति पावतियां, जमा प्रमाणपत्र आदि)

क) परिपक्वता तक धारित

परिपक्वता तक बनाए रखने के उद्देश्य से किए गए निवेशों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत रखा गया है। ऐसे निवेशों को अर्जन लागत पर दर्शाया गया है, बशर्ते वह अंकित मूल्य से अधिक न हो। ऐसा होने पर प्रीमियम को परिपक्वता की शेष अवधि में परिशोधित कर दिया गया है।

इस श्रेणी के अंतर्गत सहायक कंपनियों में निवेशों के मूल्य में कमी (अस्थायी को छोड़कर) प्रत्येक निवेश के संबंध में अलग-अलग प्रावधान किया गया है।

ख) व्यापार हेतु धारित

अल्पावधि मूल्य/ब्याज-दर परिवर्तन का लाभ उठाते हुए 90 दिनों में पुनः बेचने के इरादे से किए गए निवेशों को 'व्यापार हेतु धारित' श्रेणी में रखा गया है। इस वर्ग के निवेशों का समग्र रूप से स्क्रिप-अनुसार पुनर्मूल्यांकन किया गया है और निवल मूल्यवृद्धि / मूल्यह्रास को अलग-अलग स्क्रिपों के बही-मूल्य में तत्संगत परिवर्तन करते हुए लाभ-हानि लेखा में हिसाब में लिया गया है। व्यापार / उद्धृत निवेश के संबंध में, बाजार मूल्य स्टॉक एक्सचेंजों पर उपलब्ध ट्रेडों / उद्धरणों से लिया गया है।

ग) बिक्री हेतु उपलब्ध:

(i) उपर्युक्त दो श्रेणियों के अंतर्गत न आनेवाले निवेशों को 'बिक्री हेतु उपलब्ध' श्रेणी में रखा गया है। इस श्रेणी के अंतर्गत अलग-अलग स्क्रिपों का पुनर्मूल्यांकन किया गया है और उक्त वर्गीकरण में से किसी के भी अंतर्गत हुए निवल मूल्यह्रास को लाभ और हानि लेखे में हिसाब में लिया गया है। किसी भी वर्गीकरण के अंतर्गत निवल मूल्यवृद्धि को नज़रअंदाज कर दिया गया है। अलग-अलग स्क्रिपों के बही-मूल्य में पुनर्मूल्यांकन के बाद परिवर्तन नहीं किया गया है।

(ii) कोई निवेश परिपक्वता के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत है, या बिक्री के लिए उपलब्ध है या इसकी खरीद के समय व्यापार के लिए धारित है तथा बाद में इसकी श्रेणियों में अंतरण और उसका मूल्यांकन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाता है।

(iii) ट्रेजरी बिल, वाणिज्यिक पत्र और जमा प्रमाणपत्र, बट्टा वाले लिखत हैं, लागत मूल्य पर इनका मूल्यांकन किया जाता है।

(iv) उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन बाजार मूल्यों पर किया जाता है और जो सरकारी प्रतिभूतियां उद्धृत नहीं है / जिनका व्यापार नहीं हो रहा है उनका मूल्य निर्धारण वित्तीय बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट द्वारा घोषित मूल्यों पर किया जाता है।

(v) निवेश जो भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए कॉर्पस या निधि से बने होते हैं और संबंधित निधि शेष से बचे हुए निधि का मूल्यांकन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुरूप नहीं अपितु उसकी लागत पर होता है।

(vi) निवेशों में खरीद और बिक्री की प्रविष्टि 'निपटान तारीख' का पालन करते हुए की गई है।

(vii) जो डिबेंचर / बाण्ड / शेयर अग्रिम की प्रवृत्ति के माने गए हैं, वे ऋण और अग्रिमों पर लागू सामान्य विवेकपूर्ण मानदंडों के अधीन हैं।

(viii) निवेशों की लागत भारित औसत लागत पद्धति से निर्धारित की गई है।

(ix) अभिग्रहण / बिक्री के समय अदा की गई दलाली, कमीशन आदि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया गया है।

(x) ऋण-निवेश में प्रदत्त / प्राप्त खंडित अवधि-ब्याज को ब्याज व्यय / आय माना गया है और उसे लागत / बिक्री-राशि से अलग रखा गया है।

(xi) बीज पूँजी योजना के अंतर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सूची से इतर निवेशों के संबंध में पूर्ण प्रावधान किया गया है।

(xii) भारतीय रिजर्व बैंक के संगत दिशानिर्देशों के अनुसार म्यूचुअल फंड की इकाइयों को उनकी पुनर्खरीद मूल्य पर मूल्यांकित किया गया है।

(xiii) उद्धृत न की गई निश्चित आय वाली प्रतिभूतियों (सरकारी प्रतिभूतियों के अलावा) का मूल्यांकन केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों के समान परिपक्वता अवधि पर प्रतिलाभ की दर से उपयुक्त मार्क अप के आधार पर किया गया है। एफबीआईएल द्वारा प्रकाशित संगत दरों के अनुसार परिपक्वता अवधि पर प्रतिलाभ की दर और इस तरह के मार्क-अप को लागू किया गया हैं।

4 विदेशी मुद्रा संव्यवहार:

विदेशी मुद्रा संव्यवहारों को लेखा-बहियों में संबंधित विदेशी मुद्रा में संव्यवहार के दिन लागू विनिमय दरों पर दर्ज़ किया गया है। विदेशी मुद्रा संव्यवहार का लेखांकन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक (एएस)-11 के अनुसार निम्नलिखित उपबंधों के अनुरूप किया गया है।

(i) बकाया अग्रेषण विनिमय अनुबंधों के संबंध में आकस्मिक देयता की गणना विनिमय की अनुबंधित दरों पर की जाती है और गारंटी, स्वीकृतियां, पृष्ठांकनों एवं अन्य देयताओं के संबंध में गणना विदेशी मुद्रा डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (फेडाइ) द्वारा अधिसूचित बंद विनिमय दरों पर की जाती है।

(ii) विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को विदेशी मुद्रा डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (फेडाइ) द्वारा तुलन-पत्र की तारीख में प्रभावी अधिसूचित अन्तिम विदेशी मुद्रा-दर में परिवर्तित किया गया है।

(iii) विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय मदों को वास्तविक बिक्री/खरीद के माध्यम से मासिक अन्तरालों पर परिवर्तित किया जाता है और उन्हें तदनुसार लाभ-हानि खाते में हिसाब में लिया गया है।

(iv) विदेशी मुद्रा जोखिम के प्रबंधन हेतु विदेशी मुद्रा ऋण-व्यवस्था पर पुनर्मूल्यांकन अन्तर को भारत सरकार के परामर्श से खोले गए एक विशेष खाते में समायोजित और रिकॉर्ड किया जाता है।

(v) व्युत्पन्नी संव्यवहारों के संबंध में बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार बचाव (हेज) लेखांकन का अनुसरण करता है।

(vi) मौद्रिक वस्तुओं के निपटान पर उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतर को उस अवधि में आय या व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है, जिसमें वे उत्पन्न होते हैं।

(vii) बकाया फॉरवर्ड एक्सचेंज कॉन्ट्रैक्ट्स जो ट्रेडिंग के लिए अभिप्रेत नहीं हैं, वे फेडाई द्वारा अधिसूचित बंद दरों पर पुनर्मूल्यांकित किये जाते हैं।

5 व्युत्पन्नियाँ

बैंक अपनी विदेशी मुद्रा देयताओं के बचाव के लिए वर्तमान में मुद्रा व्युत्पन्नी संव्यवहारों जैसे अंतर-मुद्रा ब्याज-दर विनिमय में व्यवहार करता है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार बचाव के उद्देश्य से किए गए उक्त व्युत्पन्नी संव्यवहारों को उपचय आधार पर हिसाब में लिया जाता है। अनुबंधित रुपया राशि पर व्युत्पन्नी संव्यवहार अनुबंधों पर आधारित देयताओं को तुलन-पत्र की तारीख पर रिपोर्ट किया गया है।

6 ऋण एवं अग्रिम

(i) ऋण तथा अन्य सहायता संविभागों को भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार अर्जक और अनर्जक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अनर्जक आस्तियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रावधान किया गया है।

(ii) तुलन-पत्र में उल्लिखित अग्रिम, अनर्जक आस्तियों के लिए किए गए प्रावधानों को घटाकर है।

(iii) मानक आस्तियों के संबंध में सामान्य प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार किए गए हैं।

(iv) चल प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार और बोर्ड अनुमोदित नीतियों अनुसार किए और उपयोग में लाए गए हैं।

7 कराधान

(i) कर संबंधी व्यय में वर्तमान कर और आस्थगित कर, दोनों शामिल हैं। वर्तमान आय-कर की गणना आय-कर अधिनियम, 1961 के अनुसार आय-कर प्राधिकारियों को अदा की जानेवाली संभावित राशि के और आय परिकलन प्रकटीकरण मानकों के आधार पर की जाती है।

(ii) आस्थगित आय-कर, वर्ष की कर-योग्य आय तथा लेखांकन आय के मध्य वर्तमान वर्ष के समयांतराल और पूर्ववर्ती वर्षों के समयांतराल के प्रत्यावर्तन के प्रभाव को दर्शाता है। आस्थगित कर की गणना तुलन-पत्र की तारीख तक अधिनियम अथवा यथेष्ट रूप में अधिनियमित कर-कानूनों और कर की दरों के आधार पर की गई है।

(iii) आस्थगित कर आस्तियाँ केवल उस सीमा तक निर्धारित की गई हैं, जिस सीमा तक यह समुचित विश्वास है कि भविष्य में पर्याप्त कर-योग्य आय होगी, जिसके प्रति ऐसे आस्थगित कर की वसूली हो सकती है। पूर्ववर्ती वर्षों की अनिर्धारित आस्थगित आस्तियों का उस सीमा तक पुनर्मूल्यांकन और निर्धारण किया गया है, जिस सीमा तक यह समुचित विश्वास है कि भविष्य में पर्याप्त कर-योग्य आय होगी, जिसके प्रति ऐसी आस्थगित कर आस्तियों की वसूली हो सकती है।

(iv) जो विवादित कर हैं, जिसमें विभागीय अपील भी शामिल है, को आकस्मिक देयता में लिया गया हैं।

8 प्रतिभूतीकरण

(i) बैंक क्रेडिट रेटिंग-युक्त सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम आस्ति-समूहों को बैंकों / गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से विशेष प्रयोजन संस्था द्वारा जारी पास-थ्रू-प्रमाणपत्रों के ज़रिए खरीदता है। इस प्रकार के प्रतिभूतीकरण संव्यवहार निवेश के रूप में वर्गीकृत किए जाते हैं और निवेश के उद्देश्य के आधार पर उनका आगे वर्गीकरण व्यापार हेतु धारित / विक्रय हेतु उपलब्ध के रूप में किया जाता है।

(ii) बैंक द्विपक्षीय सीधे समनुदेशक के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के श्रेणीनिर्धारित आस्ति-समूह खरीदता है। ऐसे सीधे समनुदेशन संव्यवहारों को बैंक द्वारा 'अग्रिम' के रूप में लेखांकित किया जाता है।

(iii) बैंक सीधे समनुदेशन द्वारा ऋण एवं अग्रिम की बिक्री करता है। अधिकतर मामलों में बैंक इन संव्यवहारों के अंतर्गत बेचे गए ऋण एवं अग्रिम की चुकौती करना जारी रखता है तथा बेचे गए ऋण एवं अग्रिम पर अवशेष ब्याज का हक़दार होता है। आस्तियों पर नियंत्रण के समर्पण के सिद्धान्त के आधार पर सीधे समनुदेशन के अंतर्गत बेची गई आस्तियों को बैंक की बहियों के हिसाब से निकाल दिया जाता है।

(iv) बेचे गए ऋणों एवं अग्रिमों पर अवशेष आय को अंतर्निहित ऋणों एवं अग्रिमों के जीवनकाल के अनुसार हिसाब में लिया जा रहा है।

(v) आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों द्वारा जारी प्रतिभूति प्राप्ति को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित ऐसे उपकरणों पर लागू दिशानिर्देशों के अनुसार मूल्यांकित किया जाता है।

9 आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) को वित्तीय आस्तियों की बिक्री

i. अनर्जक आस्तियों की बिक्री नकद आधार पर अथवा प्रतिभूति प्राप्ति (एसआर) में निवेश आधार पर की जाती है। एसआर आधार पर बिक्री के मामले में, बिक्री प्रतिफल अथवा उसके भाग को प्रतिभूति-प्राप्ति के रूप में निवेश समझा जाता है।

ii. यदि आस्ति की बिक्री निवल बही मूल्य (अर्थात् बही-मूल्य में से धारित प्रावधान हटाने पर प्राप्त मूल्य) से कम पर कर दी जाती है, तो कमी को लाभ-हानि लेखा के नामे किया जाता है। यदि बिक्री मूल्य निवल बही मूल्य से अधिक है, तो धारित बेशी प्रावधान को उस वर्ष लाभ-हानि लेखे में प्रतिवर्तित किया जा सकता है, जिस वर्ष राशि प्राप्त हुई हो। बेशी प्रावधान का प्रतिवर्तन उस प्राप्त राशि तक सीमित होता है, जो आस्ति के निवल बही मूल्य से अधिक हो।

10 स्टाफ के हितार्थ प्रावधान

क] सेवानिवृत्ति पश्चात् लाभ

(i) भविष्य निधि बैंक द्वारा चलाई जा रही एक निश्चित अंशदायी योजना है और उसमें किए गए अंशदान लाभ-हानि लेखे पर प्रभारित होते हैं।

(ii) ग्रैच्युटी देयता तथा पेंशन देयता निश्चित लाभ दायित्व हैं और अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ, जैसे- क्षतिपूरित अनुपस्थितियाँ, सेवानिवृत्ति पश्चात् चिकित्सा लाभ, छुट्टी किराया रियायत आदि का प्रावधान स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर तुलन-पत्र की तारीख पर किया जाता है, जो एएस 15 (यथोसंशोधित 2005)- कर्मचारी लाभ के अनुसार अनुमानित इकाई जमा पद्धति पर आधारित होता है।

(iii) बीमांकिक लाभ / हानि लाभ-हानि लेखे में बीमांकिक मूल्यांकन आधार पर दर्ज़ किए जाते हैं।

(iv) नई पेंशन योजना निश्चित अंशदान वाली योजना है। यह उन कर्मचारियों पर लागू है, जो 1 दिसंबर 2011 या उसके बाद बैंक की सेवा में आए हैं। बैंक पूर्व-निर्धारित दर पर निश्चित अंशदान करता है और बैंक का दायित्व उक्त निश्चित अंशदान तक सीमित है। यह अंशदान लाभ-हानि खाते में भारित होता है।

(v) बीमांकिक लाभ / हानि तत्काल लाभ-हानि लेखे में दर्ज़ किए जाते हैं और आस्थगित नहीं किए जाते हैं।

(vi) स्वैच्छिक सेवा-निवृत्ति योजना के अंतर्गत किए गए भुगतान का व्यय जिस वर्ष होता है, उसी वर्ष के लाभ-हानि लेखे में उसे प्रभारित किया जाता है।

ख] सेवा-कालिक (अल्पावधि) लाभ:

अल्पावधि लाभों से उत्पन्न देयता का निर्धारण गैर-बट्टाकृत आधार पर होता है और उस सेवा अवधि के संबंध में होता है, जिसके कारण कर्मचारी ऐसे लाभ का हकदार बनता है।

11 स्थिर आस्तियाँ और मूल्यह्रास:

i) स्थिर आस्तियाँ अभिग्रहण की लागत में से संचित मूल्यह्रास और क्षति (यदि हो) को घटाकर दर्शाई गई हैं।

ii) आस्ति की लागत में खरीद लागत और उपयोग करने से पहले आस्ति पर किए गए सभी व्यय शामिल हैं। उपयोग में रखी गई आस्तियों पर किए गए बाद के व्यय केवल तभी पूंजीकृत होंगे जब इन आस्तियों या उनकी कार्यशील क्षमता से भविष्य का लाभ बढ़े।

iii) पूरे वर्ष के लिए मूल्यह्रास का प्रावधान निम्नवत किया गया है (चाहे पूँजीकरण की तारीख जो भी हो)-

क) फर्नीचर और फिक्स्चरः बैंक के स्वामित्व वाली आस्तियाँ- 100 प्रतिशत की दर से

ख) कम्प्यूटर तथा कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर- 100 प्रतिशत की दर से

ग) भवन-मूल्यह्रासित मूल्य पद्धति पर- 5 प्रतिशत की दर से

घ) विद्युत संस्थापनाएं: बैंक के स्वामित्व वाली आस्तियाँ- मूल्यह्रासित मूल्य-पद्धति पर- 50 प्रतिशत की दर से

ङ) मोटर कार- सीधी रेखा पद्धति- 50 प्रतिशत की दर से

iv) वस्तुओं के जुड़ाव पर मूल्यह्रास का प्रावधान पूरे वर्ष के लिए होता है, किन्तु बिक्री / निस्तारण के वर्ष के लिए मूल्यह्रास नहीं होता।

v) पट्टाधारित भूमि का परिशोधन पट्टे की अवधि-पर्यन्त किया जाता है।

12 आकस्मिक देयताओं हेतु प्रावधान और आकस्मिक आस्तियाँ

ए एस 29 प्रावधानों के अनुसार आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियों को बैंक चिन्हीकृत करता है और जब पिछली घटनाओं के फलस्वरूप कोई वर्तमान दायित्व बनता है, संसाधनों के व्यय की संभावना रहती है और दायित्व की राशि के विषय में विश्वसनीय अनुमान किया जा सकता है, तब गणना में पर्याप्त सीमा तक अनुमान करते हुए प्रावधान किए जाते हैं। वित्तीय विवरणों में आकस्मिक आस्तियों का न तो निर्धारण होता है, न ही प्रकटन। आकस्मिक देयताओं हेतु प्रावधान नहीं किया जाता और तुलन-पत्र में उनका प्रकटन होता है तथा विवरण तुलन-पत्र की अनुसूचियों में दिए जाते हैं। आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक आस्तियों के प्रावधानों की प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को समीक्षा की जाती है।

13 अनुदान एवं सब्सिडी:

सरकार तथा अन्य एजेंसियों से प्राप्त अनुदान एवं सब्सिडी का लेखांकन करार की शर्तों के अनुसार किया जाता है।

14 परिचालनगत पट्टा

पट्टा संबंधी किराए को भुगतान के लिए देय होने पर लाभ-हानि लेखे में खर्च/आय के रूप में दर्शाया जाता है।

15 आस्तियों की क्षति

प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को आस्तियों की रख-रखाव राशियों की समीक्षा की जाती है, ताकि आंतरिक व बाह्य कारणों के आधार पर किसी क्षति का संकेत हो तो निम्नलिखित का निर्धारण किया जा सके:

क) क्षति- हानि (यदि कोई हो) हेतु अपेक्षित प्रावधान, अथवा

ख) पूर्ववर्ती अवधि में चिह्नित क्षति (यदि कोई हो) हेतु अपेक्षित प्रत्यावर्तन-निर्धारण

यदि किसी आस्ति की रख-रखाव राशि वसूली योग्य राशि से अधिक होती है तो क्षति-हानि का निर्धारण किया जाता है।

16 नकदी और नकदी समतुल्य

नकदी प्रवाह विवरण के उद्देश्य से नकदी और नकदी समतुल्यों में हाथ में रोकड़, भारतीय रिज़र्व बैंक में शेष, अन्य बैंकों में शेष तथा म्युचुअल फंड में ऐसा निवेश शामिल होता है, जिसकी मूल परिपक्वता अवधि तीन माह या कम की हो।

अनुसूची XVI: लेखे की टिप्पणियाँ

1 इंड एएस का कार्यान्वयन

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 15 मई, 2019 को बैंकों को जारी पत्र के अनुसार अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों (एआईएफआई) के लिए इंड-एएस के कार्यान्वयन को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। तदनुसार, बैंक के वित्तीय विवरण आईजीएएपी के तहत तैयार किए जाते हैं। हालाँकि, बैंक भा रि बैंक को अर्धवार्षिक आधार पर प्रोफार्मा इंड-एएस के रूप में वित्तीय विवरण पहले की तरह प्रस्तुत करना जारी रखेगा जैसाकि भारि बैंक के 15 मई, 2019 के पत्र में सलाह दी गयी है। वर्तमान में, सिडबी आईजीएएपी वित्तीय विवरणियों को इंड-एएस वित्तीय विवरणियों में रूपांतरण के लिए एक्सेल-शीट का उपयोग कर रहा है। बैंक ने पहले ही उपरोक्त परिपत्र के अनुसार 30 सितंबर, 2019 तक भा रि बैंक को वित्तीय विवरणों के रूप में आईजीएएपी परिवर्तित प्रोफार्मा इंड-एस प्रस्तुत कर दिया है।

2 कोविड 19 विनियामक पैकेज

कोरोना वायरस कोविड-19 महामारी भारत सहित दुनिया भर में तेजी से फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कोविड-19 के प्रकोप को वैश्विक महामारी घोषित किया गया था। कोविड-19 और तालाबंदी के कारण, देश भर में सामाजिक-आर्थिक मोर्चे पर अभूतपूर्व स्तर पर व्यवधान है। कोविड-19 महामारी बैंक की भविष्य के परिचालनों एवं वित्तीय स्थिति को प्रभावित करेगा जो भविष्य के विकास पर निर्भर है, जो बहुत ही अनिश्चित है। वैश्विक स्वास्थ्य महामारी का प्रभाव बैंक के वित्तीय विवरणों के अनुमोदन की तिथि से भिन्न हो सकता है और बैंक भविष्य की आर्थिक परिस्थितियों में किसी भी प्रकार के बदलाव की निगरानी करता रहेगा जिससे बैंक पर कोई वित्तीय प्रभाव पड़ सकता है। 27 मार्च, 2020 के भा रि बैंक परिपत्र के अनुसार, कोविड-19 महामारी के कारण उधारकर्ताओं को राहत देने के संबंध में, बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार पात्र उधारकर्ताओं को देय ऋण किस्तों / ब्याज की अधिस्थगन की पेशकश की है।

तदनुसार, 17 अप्रैल, 2020 को भा रि बैंक के परिपत्र के संदर्भ में, बैंक ने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹13.99 करोड़ का प्रावधान किया है:

विवरण	राशि (₹ करोड़)
एसएमए / अतिदेय श्रेणियों में संबन्धित राशि, जहां अधिस्थगन / स्थगन अवधि बढ़ाया गया था	620.66
संबन्धित राशि जहां आस्ति वर्गीकरण का लाभ दिया गया है।	279.89
वर्ष के दौरान किया गया प्रावधान	13.99
स्लिपेज और अवशिष्ट प्रावधानों के विरुद्ध संबन्धित लेखांकन अवधि के दौरान समायोजित किया गया प्रावधान।	लागू नहीं

3.1 लेखांकन मानक 22 के अनुसार, आय पर कर के लिए लेखांकन, बैंक ने आस्थगित कर आस्तियों / देयताओं की समीक्षा की है और 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि खाते में आस्ति के रूप में ₹24,18,96,000 की राशि को मान्यता दी है (पिछले वर्ष - आस्थगित कर आस्ति ₹54,36,89,736 थी)। इस वर्ष के दौरान, बैंक ने मानक आस्तियों पर किए गए पूरे प्रावधान पर अपने गैर-मान्यता प्राप्त आस्थगित कर आस्तियों का पुनर्मूल्यांकन किया है। तदनुसार, चालू वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान ₹96,34,90,214 के आस्थगित कर आस्तियों को मान्यता दी गई है।

3.2 31 मार्च, 2020 को आस्थगित कर आस्तियों / (देयताओं) के अलग-अलग आँकड़ें

(राशि ₹ में)

समय-अंतर		मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
		आस्थगित कर आस्ति /(देयता)	आस्थगित कर आस्ति /(देयता)
क)	मूल्यह्रास के लिए प्रावधान	37,17,630	39,60,413
ख)	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षित निधि	(3,52,02,16,577)	(4,70,90,89,576)
ग)	अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	1,20,50,72,585	2,30,45,14,771
घ)	भारत सरकार बांडों के निर्गम पर प्राप्त प्रीमियम का परिशोधन	(2,12,98,854)	(4,44,56,921)
ड)	खातों की पुनर्संरचना के लिए प्रावधान	1,63,22,587	1,22,49,123
च)	अग्रेनीत दीर्घकालीन पूँजी हानि	-	22,05,17,373
छ)	गैर-निष्पादक निवेशों के लिए प्रावधान	-	85,10,68,097
ज)	मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	1,64,85,24,603	58,61,97,116
झ)	अन्य	65,26,45,311	51,79,10,889
	निवल आस्थगित कर आस्ति / (देयता)	**(1,52,32,715)**	**(25,71,28,715)**

4 आयकर के प्रावधान में निम्नलिखित शामिल हैं:

(राशि ₹ में)

क्र.सं.	विवरण	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
(i)	वर्तमान आयकर प्रावधान	5,18,46,80,000	6,10,49,78,330
(ii)	पिछले वर्षों का कम / (अधिक) आयकर प्रावधान	(99,73,122)	(4,85,09,317)

कर देयता की जाँच कर-परामर्शदाता द्वारा की गई है

5 अनुसूची XI में उल्लिखित आकस्मिक देयताएँ

₹5,74,27,63,852 (गत वर्ष ₹6,98,13,20,359) की आकस्मिक देयताएँ आयकर / सेवाकर / सिडबी के विरुद्ध दायर विधिक मामलों से संबंधित हैं। यह बैंक द्वारा विवादित है और विशेषज्ञों की राय के आधार पर, इसके लिए प्रावधान आवश्यक नहीं समझा गया है। इसमें ₹1,73,22,02,927 (गत वर्ष ₹1,63,32,91,167) की राशि शामिल है, जो आयकर विभाग द्वारा बैंक के विरुद्ध दायर की गई अपील से संबंधित है।

6 अनुसूची IV में उधारियों के अंतर्गत 'बॉण्ड व डिबेंचर' में निम्नलिखित शामिल हैं

(राशि ₹ में)

		मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
क)	अप्रतिभूत बांड	1,75,62,50,00,000	1,44,95,50,00,000

7 अनुसूची x में अन्य आस्तियों के अंतर्गत 'व्यय, जहाँ तक बट्टे खाते नहीं डाले गए' में निम्नलिखित शामिल हैं:

(₹)

	विवरण	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
क)	आरबीआई एनआईसी (एलटीओ) के भारत सरकार के बॉण्डों में अंतरण पर प्रीमियम	8,46,26,725	12,70,85,209
ख)	अग्रिम रूप से अदा किया गया बट्टा - जमा पत्र	4,72,11,42,319	6,73,24,68,721
ग)	अग्रिम रूप से अदा किया गया बट्टा - वाणिज्य पत्र	67,03,00,288	56,66,99,947
घ)	अप्रतिभूत बॉण्ड जारी करने पर व्यय	4,83,05,739	2,97,09,294
	योग	**5,52,43,75,071**	**7,45,59,63,171**

8 ब्याज व वित्तीय प्रभार

(राशि ₹ में)

		मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
क)	उधारियों पर ब्याज	21,44,36,98,531	28,72,48,01,168
ख)	जमा पर ब्याज	51,17,75,96,026	34,90,93,38,998
ग)	वित्तीय प्रभार	4,59,92,92,636	5,39,59,71,840
	योग	**77,22,05,87,193**	**69,03,01,12,006**

(राशि ₹ में)

9

	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
अप्रावधानित पूँजी लेखा पर निष्पादित किए जाने के लिए शेष संविदाओं की अनुमानित राशि (प्रदत्त अग्रिम को छोडकर)	21,02,888	2,92,86,993

10 अनुसूची IX में परिसर के अंतर्गत परिसर की अधिप्राप्ति के प्रति ₹11,06,68,896 (गत वर्ष ₹11,06,68,896) का अग्रिम तथा निर्माणाधीन पूँजी कार्य के प्रति ₹21,02,888 (गत वर्ष ₹18,59,429) की राशि शामिल है। परिसर की अधिप्राप्ति के प्रति ₹11,06,68,896 का अग्रिम कार्यालय परिसर की अधिप्राप्ति के लिए अदा किया गया था, जिससे संबंधित प्रस्ताव बाद में परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब के कारण निरस्त कर दिया गया। बैंक संबंधित एजेंसी से उक्त राशि की वापसी के लिए पत्राचार कर रहा है। मामला राज्य सरकार के संबंधित विभाग के साथ उठाया गया है और एजेंसी / मंत्रालय मौजूदा चर्चा के अनुसार यह आशा की जाती है कि वापसी की राशि अगले वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त हो जाएगी। हालांकि, चालू वित्तीय वर्ष में इस अग्रिम राशि के विरुद्ध ₹11,06,68,896 (गत वर्ष शून्य) के सम्पूर्ण राशि का प्रावधान किया गया है।

11 जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका) (जिसे पहले जापान बैंक आफ इंटरनेशनल कोआपरेशन - जेबीआईसी के नाम से जाना जाता था) से ऋण व्यवस्था V के अंतर्गत प्राप्त 30 बिलियन जापानी येन के विदेशी मुद्रा उधार (31 मार्च 2020 तक 8.78 बिलियन जापानी येन) के संबंध में भारत सरकार के साथ सहमत शर्तों के अनुसार विनिमय दर उतार-चढाव निधि (ईआरएफएफ) सृजित की गई है एवं उसे विदेशी मुद्रा उतार चढाव आरक्षिति निधि में शामिल किया गया है। अधिसूचित दर पर लागू ब्याज को इस ईआरएफएफ खाते में जमा किया जाता है और अनुबंधित दर पर जाइका को देय ब्याज इस खाते से नामे किया जाता है। इसके अलावा, ईआरएफएफ खाते में आरंभिक शेषराशि पर निर्धारित दर से अर्द्धवार्षिक चक्रवृद्धि की गणना की जाती है। यदि भविष्य में जरूरी हुआ, तो निधि खाते में भारत सरकार के निदेशानुसार समायोजन किया जाएगा। यदि निधि में अतिशेष अपर्याप्त रहता है तो इसका दावा भारत सरकार से किया जाएगा। चूंकि ईआरएफएफ के तहत मौजूदा बकाया से ऋण सेवा और विनिमय दर में उतार-चढ़ाव संबंधी आवश्यकता के पूरे हो जाने की आशा है, ईआरएफएफ में आगे योगदान तब तक के लिए समाप्त कर दिया गया है जब तक कि ईआरएफएफ में शेषराशि जाइका - V ऋणसीमा के अंतर्गत बकाया ऋण की तुलना में अधिशेष बनी रहे। इस बीच, भारत सरकार ने जेआईसीए लाइन V के तहत पूरे बकाया के पूर्व भुगतान के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। चालू वित्त वर्ष के दौरान, बैंक ने विदेशी मुद्रा रूपांतरण समायोजन खाते में पड़े ₹371.15 करोड़ की राशि वापस की है, जो कि जेआईसीए वी के संबंध में अधिक प्रावधान / देयता की प्रकृति में थी। अनुसूची XIII के तहत राशि को 'अन्य आय' में शामिल किया गया है।

12 जेबीआईसी ऋण IV के अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्त ₹1,74,43,55,536 (पिछले वर्ष ₹2,18,04,44,418) की उधारी को तुलनपत्र में 'अनुसूची IV - उधारियों' में अपने ऐतिहासिक रुपये मूल्य में अग्रेनीत किया गया है, क्योंकि करार के अंतर्गत सिडबी की मूलधन चुकौती की देयता रुपये में ऋण और इस ऋण के लिए रखे गए ईआरएफएफ के शेष के योग से अधिक होने की अपेक्षा नहीं की जाती है। इसी ईआरएफएफ खाते में 8% पर लागू ब्याज जमा किया जाता है और जेपीवाई (आईएनआर में मुद्रा-विनिमय के उपरांत समतुल्य राशि) में देय ब्याज इस खाते से नामे किया जाता है। इस ऋण के लिए रखे ईआरएफएफ में 31 मार्च, 2020 को शेष ₹1,61,64,60,277 (पिछले वर्ष ₹2,07,46,84,419) है।

13 बैंक ने विश्व बैंक से 300 मिलियन डालर की ऋण-व्यवस्था की संविदा की। यह टिकाऊ और उत्तरदायित्व पूर्ण अल्पवित्त परियोजना को बड़े पैमाने पर चलाने के लिए है। इसमें 65.9 मिलियन एसडीआर (100 मिलियन अमेरिकी डालर के तुल्य) का आईडीए का हिस्सा भी शामिल है। आईडीए ऋण-व्यवस्था के अंतर्गत भारत सरकार उधारकर्ता है और भारत सरकार सिडबी को रुपया ऋण देती है, यद्यपि करार की शर्तों के अनुरूप विनिमय जोखिम का वहन सिडबी द्वारा किया जाना अपेक्षित है। इस प्रकार यद्यपि भारत सरकार ने सिडबी को रुपया फंड जारी किया, इसे सिडबी के खातों में सही स्थिति दर्शाने हेतु एसडीआर देयता के रूप में दर्ज किया गया, ताकि वर्ष के अंत में आंकड़ों में पुनर्मूल्यांकन अंतर उपयुक्त रूप से प्रदर्शित हो। तदनुसार उक्त ऋण-व्यवस्था के अंतर्गत 31 मार्च 2020 तक 49.43 मिलियन अमेरिकी डालर (₹510.25 करोड़ के बराबर) [गत वर्ष 52.72 मिलियन अमेरिकी डालर (₹506.09 करोड़ के बराबर)] के आहरण को भारत सरकार के प्रति रुपया देयता के रूप में दर्ज किया गया है तथा विनिमय जोखिम का बचाव सिडबी द्वारा विदेशी मुद्रा वायदा करार के जरिये किया जा रहा है। इसे अनुसूची IV - 'भारत में उधारियाँ' के अंतर्गत समूहित किया गया है।

14 (क) भारत सरकार ने सिडबी में ₹300 करोड़ की समूह निधि वाली "इंडिया माइक्रोफाइनान्स ईक्विटी निधि" सृजित की है, जिसका सिडबी द्वारा परिचालन / प्रबंधन किया गया था। हालांकि, मुद्रा के अभिविन्यास और पहुँच को देखते हुए, आईएमईएफ संविभाग और इसके संचालन को वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान सिडबी से मुद्रा में स्थानांतरित कर दिया गया।

(ख) एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार ने निधियों की निधि के लिए ₹310 करोड़ की आकांक्षा निधि (ऐस्पायर फंड) का आवंटन सिडबी को किया है जिसका प्रबंध सिडबी को करना है। उक्त निधि का उपयोग ग्रामीण अर्थ व्यवस्था में कृषि आधारित उद्योगों एवं क्षेत्रों से संबंधित स्टार्ट-अप / नए उद्यमों में उद्यम पूंजी निधियों में निवेश तथा नवोन्मेषिता, उद्यमिता, विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में उत्पादनोपरांत और उत्पादन-पूर्व वैल्यू चेन से लिंकेज को बढ़ावा देने तथा त्वरित रूप से सहायता उपलब्ध कराने के लिए होगा। एमएसएमई मंत्रालय द्वारा ₹310 करोड़ की पूरी समूहनिधि सिडबी को जारी कर दी गई है, जिसमें से ₹210 करोड़ की राशि वित्तवर्ष 2019 में जारी की गई है। ये निवेश न्यासी रूप में सिडबी के पास सुरक्षित हैं। निवेश की धनराशि को हटाकर, आकांक्षा निधि की शेष निधि को तुलनपत्र की अन्य देयताओं" के अंतर्गत समूहित किया गया है तथा सभी लाभ / हानियां / आय / व्यय इस निधि का हिस्सा हैं। यथा 31 मार्च 2020 तक निधि में शेष राशि ₹2,83,15,39,259 करोड़ (गत वर्ष ₹2,88,16,92,244) रही।

(ग) भारत सरकार ने स्टार्ट अप्स में ईक्विटी सहायता बढ़ाने के मुख्य उद्देश्य से निधियों की निधि योजना बनाई है। योजना के अंतर्गत ₹10,000 करोड़ की निधियों की निधि योजना प्रस्तावित है, जिसका प्रबंध सिडबी को करना है। सरकार ने निधियों की निधि की उक्त समूह निधि से ₹1,031.30 करोड़ सिडबी को दिए हैं तथा निधियों की निधि के अंतर्गत अतिरिक प्रतिबद्धता की भी अनुमति प्रदान की है। वर्ष के दौरान, भारत सरकार ने सिडबी को सूचित किया है कि वह वैकल्पिक निवेश निधि को प्रतिबद्धता जारी रखे। ये निवेश न्यासी रूप में सिडबी के पास सुरक्षित हैं। निवेश की धनराशि को हटाकर, निधियों की निधि की शेष राशि को तुलनपत्र की "अन्य देयताओं" के अंतर्गत समूहित किया गया है तथा सभी लाभ / हानियां / आय / व्यय इस निधि का हिस्सा हैं। यथा 31 मार्च 2020 तक निधि में शेष राशि ₹1,57,78,06,412 (पिछले वर्ष ₹2,58,51,15,337) रही।

15 बैंक ने कुल अंकित मूल्य ₹4,97,82,00,000 (बही मूल्य ₹4,91,62,54,874) [गत वर्ष ₹4,52,82,00,000 (बही मूल्य ₹4,46,80,73,744)] की भारत सरकार की प्रतिभूतियों को त्रिपक्षीय रेपो सौदों व निपटान (ट्रेप्स) हेतु क्लीयरिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. के पास गिरवी रखी हैं।

16 बचाव (हेजिंग) रणनीति के हिस्से के रूप में बैंक ने विभिन्न ऋण व्यवस्थाओं के अंतर्गत आहरित विदेशी मुद्रा निधियों को अनुसूचित वाणिज्य बैंकों में रखा है और इन विदेशीमुद्रा निक्षेपों (जमा राशियों) के प्रति भारतीय रुपये में ऋण ओवरड्राफ्ट की सुविधा ली है। इन ओवरड्राफ्ट सुविधाओं के अंतर्गत 31 मार्च, 2020 को बकाया राशि ₹11,35,47,446 (गत वर्ष ₹3,77,40,11,137) थी। यथा 31 मार्च, 2020 को इन विदेशी मुद्रा निक्षेपों पर प्राप्य ब्याज विभिन्न ऋण व्यवस्थाओं के उधारों पर देय ब्याज से मेल खाता है।

17 अन्य आय - अनुसूची XIII में विगत वर्षों में बट्टे खाते में डाले गए अग्रिमों से वसूल हुए ₹1,02,21,91,305 (गत वर्ष ₹36,79,23,266) शामिल हैं।

18 आईएफएडी ने 18 फरवरी, 2002 के ऋण करार के माध्यम से, सिडबी को 16.35 मिलियन एसडीआर का विदेशी मुद्रा ऋण दिया है। ऋण करार की शर्तों के अनुसार, आईएफएडी ने यूएस डालर में ऋण संवितरण किया है और इसकी चुकौती एसडीआर के समतुल्य यूएस डालर में की जानी है। बैंक ने अपनी लेखा बहियों में तदनुसार लेखांकन किया है। 31 मार्च, 2020 को इस ऋण के संबंध में शेष राशि ₹1,15,34,15,466 (गत वर्ष ₹1,12,48,25,395) है।

19 कर्मचारी लाभ

"कर्मचारी लाभ" (एएस 15) (2005 में संशोधित) के बारे में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखा मानक के अनुसार बैंक ने अपने कर्मचारियों को दी जा रही सुविधाओं को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया है:

(क) सुपरिभाषित अंशदान योजना

बैंक ने निम्नलिखित राशियाँ लाभ एवं हानि खाते में निर्धारित की है

(राशि ₹ में)

विवरण	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
भविष्य निधि में नियोक्ता का अंशदान	8,01,88,984	8,45,92,109
नई पेंशन योजना में नियोक्ता का अंशदान	2,47,85,687	2,27,84,810

(ख) बैंक की सुपरिभाषित लाभ पेंशन एवं ग्रेच्युटी योजनाएं हैं, जिनका प्रबंध ट्रस्ट के जरिये किया जाता है।

(₹ करोड़)

		पेंशन		ग्रेच्युटी	
		वित्त 2020	वित्त 2019	वित्त 2020	वित्त 2019
1.	**धारणाएँ**				
	भुनाई दर	7.00%	7.78%	7.00%	7.64%
	नियोजित आस्तियों पर प्रतिलाभ की दर	7.00%	7.78%	7.00%	7.64%
	वेतन बढोतरी	5.50%	5.50%	5.50%	5.50%
	ह्रास दर	2.00%	2.00%	2.00%	2.00%
2.	**लाभ देयता में परिवर्तन दर्शाने वाली तालिका**				
	वर्ष के आरंभ में देयता	439.65	452.03	91.36	111.05
	ब्याज लागत	34.20	34.94	6.63	8.59
	वर्तमान सेवा लागत	13.79	12.05	5.18	4.47
	पिछली सेवा लागत (गैर निहित लाभ)	0.00	0.00	0.00	0.00
	पिछली सेवा लागत (निहित लाभ)	0.00	0.00	0.00	0.00
	देयता अंतरण आगम	0.00	0.00	0.00	0.00
	(देयता अंतरण निर्गम)	0.00	0.00	0.00	0.00
	(प्रदत्त लाभ)	(35.02)	(24.25)	(11.07)	(12.40)
	देयताओं पर बीमांकिक (लाभ) / हानि	77.26	(35.12)	7.54	(20.35)
	वर्ष के अंत में देयता	529.88	439.65	99.64	91.36
3.	**योजनागत आस्तियों के उचित मूल्य संबंधी तालिकाएं**				
	वर्ष के आरंभ में योजनागत आस्तियों का उचित मूल्य	410.23	405.46	110.98	115.25
	योजनागत आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल	33.28	31.34	8.06	8.43
	अंशदान	35.02	0.00	0.09	0.05
	अन्य कंपनी से अंतरण	0.00	0.00	0.00	0.00
	(अन्य कंपनी को अंतरण)	0.00	0.00	0.00	0.00
	(प्रदत्त लाभ)	(35.02)	(24.25)	(11.07)	(12.40)
	योजनागत आस्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानि)	25.18	(2.32)	0.09	(0.35)
	वर्ष के अंत में योजनागत आस्तियों का उचित मूल्य	468.69	410.23	108.15	110.98
4.	**बीमांकिक लाभ (हानि) की पहचान की तालिका**				
	अवधि के दायित्व के लिए बीमांकिक लाभ / (हानि)	77.26	(35.12)	7.54	(20.35)
	अवधि के लिए आस्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानि)	(25.18)	2.32	(0.09)	0.35
	आय और व्यय खाते में चिह्नित बीमांकिक लाभ / (हानि)	52.08	(32.80)	7.45	(20.00)
5.	**योजनागत आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल**				
	योजनागत आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल	33.28	31.34	8.06	8.43
	योजनागत आस्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानि)	25.18	(2.32)	0.09	(0.35)
	योजनागत आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल	58.46	29.02	8.15	8.08
6.	**तुलनपत्र में निर्धारित की गई राशि**				
	वर्ष के अंत में देयता	(529.88)	(439.65)	(99.64)	(91.36)
	वर्ष के अंत में योजनागत आस्तियों का उचित मूल्य	468.69	410.23	108.15	110.98
	अंतर	(61.19)	(29.42)	8.51	19.62
	वर्ष के अंत में अनिर्धारित विगत सेवा लागत	0.00	0.00	0.00	0.00
	वर्ष के अंत में अनिर्धारित संक्रमणीय देयता	0.00	0.00	0.00	0.00
	तुलनपत्र में निर्धारित की गई निवल राशि	(61.19)	(29.42)	8.51	19.62

(₹ करोड़)

		पेंशन		ग्रेच्युटी	
		वित्त 2020	वित्त 2019	वित्त 2020	वित्त 2019
7.	**आय विवरणी में निर्धारित व्यय**				
	चालू सेवा लागत	13.79	12.05	5.18	4.47
	ब्याज लागत	34.20	34.94	6.63	8.59
	योजनागत आस्तियों पर संभावित प्रतिफल	(33.28)	(31.34)	(8.06)	(8.43)
	वर्ष के दौरान निर्धारण में ली गई विगत सेवा लागत (गैर निहित लाभ)	0.00	0.00	0.00	0.00
	वर्ष के दौरान निर्धारण में ली गई विगत सेवा लागत (निहित लाभ)	0.00	0.00	0.00	0.00
	वर्ष के दौरान संक्रमणीय देयता का निर्धारण	0.00	0.00	0.00	0.00
	बीमांकिक (लाभ) / हानि	52.08	(32.80)	7.45	(20.00)
	लाभ और हानि लेखा में निर्धारण में लिए गए व्यय	66.79	(17.15)	11.20	(15.37)
8.	**तुलनपत्र समाधान**				
	आरंभिक निवल देयता	29.42	46.57	(19.62)	(4.20)
	यथोक्त व्यय	66.79	(17.15)	11.20	(15.37)
	नियोक्ता का अंशदान	(35.02)	0.00	(0.09)	(0.05)
	तुलनपत्र में निर्धारित राशि	61.19	29.42	(8.51)	(19.62)

9. अन्य विवरण

बैंक की सूचना के अनुसार वेतन बढोतरी को ध्यान में रखा जाता है, जो कर्मचारियों की पदोन्नति, मांग व आपूर्ति के संबंध में उद्योग में प्रचलित परंपरा के अनुरूप है।

(₹ करोड़)

		पेंशन		ग्रेच्युटी	
		वित्त 2020	वित्त 2019	वित्त 2020	वित्त 2019
10.	**आस्तियों की श्रेणी**				
	भारत सरकार आस्तियाँ	0.00	0.00	0.00	0.00
	कारपोरेट बॉण्ड	0.00	0.00	0.00	0.00
	विशेष जमा योजना	0.00	0.00	0.00	0.00
	सूचीबद्ध कंपनियों के ईक्विटी शेयर	0.00	0.00	0.00	0.00
	संपत्ति	0.00	0.00	0.00	0.00
	बीमाकर्ता द्वारा प्रबंधित निधियां	468.69	410.23	108.15	110.98
	अन्य	0.00	0.00	0.00	0.00
	कुल	**468.69**	**410.23**	**108.15**	**110.98**

11. अनुभवजन्य समायोजन

	पेंशन					ग्रेच्युटी				
	वित्त 2020	वित्त 2019	वित्त 2018	वित्त 2017	वित्त 2016	वित्त 2020	वित्त 2019	वित्त 2018	वित्त 2017	वित्त 2016
योजनागत देयता (लाभ) / हानि पर	46.87	(22.03)	66.81	(5.53)	22.70	3.28	(19.71)	10.18	(7.91)	(6.20)
योजनागत आस्ति (हानि) / लाभ पर	25.17	(2.32)	0.32	0.58	(0.17)	(0.09)	(0.35)	(0.10)	0.29	(0.40)

टिप्पणी: चूँकि 31 मार्च, 2020 को पेंशन और ग्रेच्युटी निधि की इतिशेष राशियाँ संबंधित बीमांकिक दायित्व से अधिक हैं, अत: चालू वित्तवर्ष, के दौरान कोई अतिरिक्त प्रावधान नहीं किया गया है।

(ग) स्वतंत्र बीमांकक द्वारा प्रदत्त बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित अन्य दीर्घावधि लाभ योजनाओं से संबंधित राशियां, जो लाभ -हानि खाते में प्रभारित की गई, इस प्रकार हैं।

(₹ करोड़)

क्र.सं.	विवरण	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
1	साधारण छुट्टी का नकदीकरण	23.43	20.63
2	बीमारी छुट्टी	(4.91)	0.00
3	पुनर्स्थापन व्यय	0.12	0.88
4	सेवानिवृत्ति उपरांत स्वास्थ्य योजना की सुविधाएँ	10.50	0.43

20 प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) (एएस-20)

बैंक लेखांकन मानक एएस 20 के अनुसार प्रति शेयर मूल और मंदित (डायल्यूटेड) अर्जन के संबंध में रिपोर्ट करता है। प्रति शेयर मूल अर्जन की गणना वर्ष के अंत में बकाया ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से कर-पश्चात् शुद्ध लाभ को विभाजित कर की जाती है। मंदित प्रति शेयर अर्जन उस संभावित कमी को दर्शाता है, जो उस स्थिति में हो सकती है, जब संबंधित अवधि के दौरान प्रतिभूतियों या संविदागत ईक्विटी शेयर जारी कर निष्पादन या रूपांतरण किया गया हो। मंदित प्रति शेयर अर्जन का परिकलन, कर-पश्चात् निवल लाभ को वर्षांत पर बकाया ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या तथा मंदित किए जाने योग्य संभावित ईक्विटी शेयरों के योग से विभाजित कर किया जाता है।

	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2019
अर्जित प्रति शेयर परिकलन के लिए निवल लाभ (₹)	23,14,52,18,073	19,52,20,34,064
प्रति शेयर रु. 10/ के अंकित मूल्य के ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या	53,19,22,031	53,19,22,031
प्रति शेयर अर्जन (₹)	43.51	36.70

* मूल प्रति शेयर अर्जन तथा मंदित प्रति शेयर अर्जन समान है, क्योंकि कोई मंदित संभावित ईक्विटी शेयर नहीं हैं.

21 लेखाबही में प्रस्तावित लाभांश (लाभांश वितरण कर सहित) देयता के रूप में अनुसूची V में गिना जाएगा.

22 प्रबंधतंत्र की राय में लेखांकन मानक 28 - आस्तियों की हानि के नजरिये से बैंक की स्थिर आस्तियों की कोई महत्त्वपूर्ण हानि नहीं हुई है।

23 लेखांकन मानक 29 के अंतर्गत आकस्मिकताओं के संबंध में प्रावधान हेतु प्रकटन। बैंक के कर्मचारियों के वेतन भत्तों का प्रत्येक पाँच वर्षों के अंतराल पर समीक्षा की जाती है। इस प्रकार की समीक्षा 01 नवंबर, 2017 से अपेक्षित है।

(राशि ₹ में)

विवरण	वि व 2020 बकाया वेतन / प्रोत्साहन	वि व 2019 बकाया वेतन / प्रोत्साहन
आरम्भ शेष	**34,00,00,000**	**1,87,31,68,333**
जोड़े:		
बकाया वेतन	42,00,00,000	34,00,00,000
प्रोत्साहन	-	-
उपयोग:		1,43,16,70,278
पुनरांकन	-	44,14,98,055
अंतिम शेष	**76,00,00,000**	**34,00,00,000**

24 बैंक ने अपने आरक्षित विदेशी मुद्रा ऋण लेने वाले ग्राहकों के लिए ऋण जोखिम से बचाव के लिए एक पद्धति बना रखी है। आवधिक आधार पर इस प्रकार के अरक्षित विदेशी मुद्रा संविभाग की समीक्षा की जाती है, भारतीय रिजर्व बैंक के दिनांक 15/01/2014 के परिपत्र संख्या डीबीओबीडी बीपी बीसी 85/21.06.200/2013-14 एवं दिनांक 03/06/2014 के पत्र संख्या डीबीओबीडी बीपी बीसी 116/21.06.200/2013-14 के अनुवर्ती स्पष्टीकरण से अरक्षित विदेशी मुद्रा ऋण लेने वाले ग्राहकों के लिए ऋण जोखिम से बचाव के लिए यथा 31 मार्च 2020 तक ₹0.07 करोड़ (गत वर्ष ₹0.15 करोड़) का प्रावधान किया गया है, जिसे अनुसूची V में मानक आस्तियों हेतु प्रावधान में शामिल किया गया है।

25 निरंतर पालन की जा रही प्रथा के अनुसार, वेंचर पूँजी निधियों के मोचन का लेखांकन वेंचर पूँजी निधियों से प्राप्त वितरण-पत्र के अनुसार किया जाता है, चाहे अंशदान करार में निर्दिष्ट विनियोजन नीति कुछ भी रही हो। वेंचर पूँजी निधियों के यूनिटों / शेयरों में निवेश पुष्टि / समाधान के अध्यधीन होता है।

26 निवेशकों की शिकायतें

यथा 1 अप्रैल 2019 तक बैंक के पास निवेशकों की "1" शिकायत निपटान के लिए लंबित थी। वर्तमान वित्तवर्ष के दौरान निवेशकों से "41" शिकायतें प्राप्त हुई थीं और वर्ष में "42" शिकायतों (01 अप्रैल, 2019 को लंबित शिकायत सहित) का निपटारा किया गया। इस प्रकार, यथा 31 मार्च 2020 तक कोई शिकायत निपटान हेतु लंबित नहीं है।

27 अप्रत्यक्ष कर / प्रत्यक्ष कर (टीडीएस) के कारण होने वाली देयता का निर्धारण दाखिल की गई विवरणी / जीएसटी लेखापरीक्षा / पूर्ण किए गए मूल्यांकन के आधार पर किया गया है,

28 कतिपय जीएल कूटों की शेष राशियाँ संबंधित एसएल के साथ समाधान की प्रक्रिया में हैं, जिनका कोई महत्त्वपूर्ण प्रभाव नहीं होगा, जिस का प्रबंधन के अनुमान के अनुसार वित्तीय विवरणों पर कोई भौतिक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

29 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र - वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के अधीन पंजीकृत एमएसएमई उधारकर्ताओं के ऋणों की पुनर्संरचना

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के अधीन पंजीकृत एमएसएमई उधारकर्ताओं के ऋणों की पुनर्संरचना के संबंध में दिनांक 11 फरवरी, 2020 के भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र के अनुसार तथा उक्त परिपत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करने के संबंध में, योजना के अंतर्गत पुनर्संरचित एमएसएमई खाते निम्नवत् हैं

पुनर्संरचित खातों की संख्या	राशि (₹ करोड़)
28	30.26

30 दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान हेतु विवेकपूर्ण रूपरेखा

द्बावग्रस्त आस्ति के समाधान के लिए प्रूडेंशियल फ्रेमवर्क के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 7 जून, 2019 के परिपत्र के अनुसार बैंक ने जिन मामलों में समाधान योजना (आरपी) लागू किया है, वह शून्य है। इसके अलावा, भारतीय रिज़र्व बैंक परिपत्र दिनांक 17 अप्रैल, 2020 के अनुसार "कोविड19 विनियामक पैकेज - समाधान समय की समीक्षा, द्बावग्रस्त आस्ति के समाधान पर प्रूडेंशियल फ्रेमवर्क" के तहत 'शून्य' है।

31 भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सामान्य विनयमन के विनियमन 14, 2000 लघु उद्योग विकास सहायता कोष (एसआईडीएएफ़) और सामनी निधि के तहत खातों की प्रस्तुति के लिए अलग प्रारूप निर्धारित करता है। चूंकि केंद्र सरकार द्वारा अलग से एसआईडीएएफ को अधिसूचित नहीं किया गया है, इसलिए सिडबी द्वारा इसका रखरखाव नहीं किया जा रहा है।

32 बैंक में दीर्घकालिक संविदाएँ प्रमुख रूप से व्युत्पन्नी संविदाओं की प्रकृति की हैं, जिन्हें महत्त्वपूर्ण पूर्वाभासी हानियों के लिए निर्धारित किया जाता है। वर्ष के अंत में, बैंक ने बहीखाते में दीर्घकालिक संविदाओं पर महत्त्वपूर्ण पूर्वाभासी हानियों के लिए यथा अपेक्षित पर्याप्त प्रावधान की समीक्षा की है और उसे अभिलिखित किया है।

33 पिछले वर्ष के आंकडों को पुनर्समूहित और पुनर्वगीकृत किया गया है, ताकि जहां कहीं भी आवश्यक हो, उन्हें चालू वर्षों के आंकड़ों से तुलनायोग्य बनाया जा सके।

अतिरिक्त प्रकटन

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार

1 पूंजी पर्याप्तता

(₹ करोड़)

क्र.सं.	विवरण	वि व 2019-20	वि व 2018-19
i)	सामान्य ईक्विटी*	लागू नहीं	लागू नहीं
ii)	अतिरिक्त टियर 1 पूंजी *	लागू नहीं	लागू नहीं
iii)	कुल टियर 1 पूंजी	18,366.02	15,757.23
iv)	टियर 2 पूंजी	0.00	0.00
v)	कुल पूंजी (टियर 1 + टियर 2)	18,366.02	15,757.23
vi)	कुल जोखिम भारित आस्तियां (जोभाआ)	68,996.21	58,114.11
vii)	सामान्य ईक्विटी अनुपात (जोभाआ का सामान्य इक्विटी में प्रतिशत)*	लागू नहीं	लागू नहीं
viii)	टियर 1 अनुपात (जोभाआ का टियर 1 पूंजी में प्रतिशत)	26.62%	27.11%
ix)	जोखिम भारित आस्तियों के प्रति पूंजी अनुपात (जोखिम भारित आस्तियों के प्रति कुल पूंजी अनुपात)	26.62%	27.11%
x)	भारत सरकार की शेयरधारिता का प्रतिशत	15.40	15.40
xi)	उगाही गई ईक्विटी पूंजी की राशि	0.00	0.00
xii)	उगाही गई अतिरिक्त टियर 1 पूंजी जो	-	-
	क) सतत गैर संचयी अधिमान शेयर	-	-
	ख) सतत ऋण पत्र (पीडीआई)	-	-
xiii)	वर्धित टियर 2 पूंजी राशि जो	-	-
	क) ऋण पूंजी लिखत	-	-
	ख) सतत संचयी अधिमान शेयर (पीसीपीएस)	-	-
	ग) शोध्य गैर संचयी अधिमान शेयर (आरएनसीपीएस)	-	-
	घ) शोध्य संचयी अधिमान शेयर (आरसीपीएस)	-	-

* चूँकि बासेल III नहीं लागू है अत: आंकड़ों का वर्तमान में परिकलन नहीं किया गया है

2 निर्बंध आरक्षित निधियां और प्रावधान

(क) मानक आस्तियों पर प्रावधान

(₹ करोड़)

विवरण	वि व 2019-20	वि व 2018-19
मानक आस्तियों (संचयी) पर प्रावधान	655.01	550.58

(ख) चल प्रावधान

(₹ करोड़)

विवरण	वि व 2019-20	वि व 2018-19
चल प्रावधान खाते में अथशेष	1,348.53	1,742.21
लेखा वर्ष में किए गए चल प्रावधानों की मात्रा	0.00	0.00
लेखा वर्ष में की गयी गिरावट की राशि*	248.57	393.68
चल प्रावधान खाते में इतिशेष	1,099.96	1,348.53

* राशि का उपयोग, चल प्रावधान पर बैंक की बोर्ड द्वारा मंजूर नीति के अनुसार अनर्जक परिसंपत्तियां / अनर्जक निवेश के प्रावधान के लिए किया गया

3 आस्ति गुणवत्ता एवं विशिष्ट प्रावधान

क) अनर्जक अग्रिम

(₹ करोड़)

विवरण	वि व 2019-20	वि व 2018-19
(i) निवल अग्रिमों का निवल अनर्जक परिसंपत्तियां (%)	0.40%	0.21%
(ii) अनर्जक परिसंपत्तियों की प्रगति (सकल)		
(क) अथशेष	867.91	902.42
(ख) वर्ष के दौरान परिवर्धन	871.56	308.38
(ग) वर्ष के दौरान कमी	698.63	342.89
(घ) इति शेष	1,040.84	867.91
(iii) निवल अनर्जक परिसंपत्तियों की प्रगति*		
(क) अथशेष	292.55	250.63
(ख) वर्ष के दौरान परिवर्धन	445.77	107.40
(ग) वर्ष के दौरान कमी	79.68	65.48
(घ) इति शेष	658.64	292.55
(iv) अनर्जक आस्तियों के प्रावधानों में प्रगति (मानक आस्तियों के प्रावधानों को छोड़कर)		
(क) अथशेष	575.35	651.78
(ख) वर्ष के दौरान परिवर्धन	429.11	201.51
(ग) वर्ष के दौरान कमी	622.27	277.94
(घ) इति शेष	382.19	575.35

* यदि चल प्रावधान की राशि उसके साथ समायोजित है तो पिछले वर्ष और इस वर्ष के दौरान निवल अनर्जक आस्ति शून्य होगी

(ख) अनर्जक निवेश

(₹ करोड़)

विवरण	वि व 2019-20	वि व 2018-19
(i) निवल निवेश का निवल अनर्जक निवेश (%)	0.00%	8.03%
(ii) अनर्जक निवेश (सकल) की प्रगति		
(क) अथशेष	1,292.17	410.03
(ख) वर्ष के दौरान परिवर्धन	0.01	955.69
(ग) वर्ष के दौरान कमी	948.56	73.55
(घ) इतिशेष	343.62	1,292.17
(iii) निवल अनर्जक निवेश में परिवर्तन		
(क) अथशेष	708.44	0.00
(ख) वर्ष के दौरान परिवर्धन	0.00	708.44
(ग) वर्ष के दौरान कमी	708.44	0.00
(घ) इतिशेष	0.00	708.44
(iv) अनर्जक निवेश के प्रावधानों की प्रगति (मानक आस्तियों पर प्रावधानों को छोड़ कर)		
(क) अथशेष	583.73	410.03
(ख) वर्ष के दौरान परिवर्धन	708.45	247.25
(ग) वर्ष के दौरान कमी	948.56	73.55
(घ) इतिशेष	343.62	583.73

(ग) अनर्जक आस्तियां (क+ख)

(₹ करोड़)

विवरण	वि व 2019-20	वि व 2018-19
(i) निवल आस्तियों का निवल अनर्जक आस्तियां (अग्रिम + निवेश) (%)	0.37%	0.69%
(ii) अनर्जक आस्तियों की प्रगति (सकल अग्रिम + सकल निवेश)		
(क) अथशेष	2,160.08	1,312.45
(ख) वर्ष के दौरान परिवर्धन	871.57	1,264.07
(ग) वर्ष के दौरान कमी	1,647.19	416.44
(घ) इतिशेष	1,384.44	2,160.08
(iii) निवल अनर्जक आस्तियों में परिवर्तन		
(क) अथशेष	1,000.98	250.63
(ख) वर्ष के दौरान परिवर्धन	445.77	815.83
(ग) वर्ष के दौरान कमी	788.12	65.48
(घ) इतिशेष	658.63	1,000.98
(iv) अनर्जक आस्तियों के प्रावधानों में परिवर्तन (मानक आस्तियों पर प्रावधानों को छोड़कर)		
(क) अथशेष	1,159.09	1,061.81
(ख) वर्ष के दौरान परिवर्धन	1,137.56	448.77
(ग) वर्ष के दौरान कमी	1,570.83	351.49
(घ) इतिशेष	725.82	1,159.09

3 (घ) पुनर्संरचित खाते
पुनर्संरचित खातों का प्रकटन

[₹ करोड़]

क्र	पुनर्संरचित प्रकार →		सीडीआर प्रणाली के अंतर्गत					एसएमई ऋण पुनर्संरचित प्रणाली के अंतर्गत					अन्य					कुल				
	आस्ति वर्गीकरण →		मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानि	कुल	मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानि	कुल	मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानि	कुल	मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानि	कुल
	विवरण ↓																					
1	वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल को पुनर्संरचित खाते (प्रारम्भिक संख्या)*	उधारकर्ताओं की संख्या	0	0	-	-	-	-	-	-	-	-	21	10	34	-	**65**	21	10	34	-	**65**
		बकाया राशि	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	82.23	19.13	115.08	-	**216.43**	82.23	19.13	115.08	-	**216.43**
		उस पर किए गया प्रावधान	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0.28	0.16	0.11	-	**0.55**	0.28	0.16	0.11	-	**0.55**
2	वर्ष के दौरान नये पुनर्संरचित	उधारकर्ताओं की संख्या					-					-	2	4	1	-	**7**	2	4	1	-	**7**
		बकाया राशि					-					-	1.06	16.27	1.83	-	**19.15**	1.06	16.27	1.83	-	**19.15**
		उस पर किए गया प्रावधान					-					-	0.05	2.03	-	-	**2.08**	0.05	2.03	-	-	**2.08**
3	वित्तीय वर्ष के दौरान पुनर्संरचित मानक वर्ग में उन्नयन	उधारकर्ताओं की संख्या					-					-	3	(2)	(1)	-	**-**	3	(2)	(1)	-	**-**
		बकाया राशि					-					-	10.55	(4.47)	(6.08)	-	**-**	10.55	(4.47)	(6.08)	-	**-**
		उस पर किए गया प्रावधान					-					-	0.01	(0.01)	-	-	**-**	0.01	(0.01)	-	-	**-**
4	पुनर्संरचित खाते, जिन पर विव के अंत में उच्चतर प्रावधान और/ अथवा अतिरिक्त जोखिम भार नहीं है और इसलिए उन्हें अगले विव के आरम्भ में पुनर्संरचित मानक ऋणों के रूप में नहीं दर्शाना है	उधारकर्ताओं की संख्या					-					-	(6)				**(6)**	(6)				**(6)**
		बकाया राशि					-					-	(26.26)				**(26.26)**	(26.26)				**(26.26)**
		उस पर किए गया प्रावधान					-					-	(0.03)				**(0.03)**	(0.03)				**(0.03)**
5	विव के दौरान पुनर्संरचित खातों का अवनयन	उधारकर्ताओं की संख्या					-					-	(4)	(1)	5	-	**-**	(4)	(1)	5	-	**-**
		बकाया राशि					-					-	(21.14)	16.42	4.72	-	**-**	(21.14)	16.42	4.72	-	**-**
		उस पर किए गया प्रावधान					-					-	-	(0.13)	0.13	-	**-**	-	(0.13)	0.13	-	**-**
6	विव के दौरान पुनर्संरचित खातों का बट्टेखाते में डालना #	उधारकर्ताओं की संख्या					-					-	(1)	(1)	(25)	-	**(27)**	(1)	(1)	(25)	-	**(27)**
		बकाया राशि					-					-	(4.30)	(0.71)	(67.23)	-	**(72.24)**	(4.30)	(0.71)	(67.23)	-	**(72.24)**
		उस पर किए गया प्रावधान					-					-	0.25	(0.02)	(0.01)	-	**0.23**	0.25	(0.02)	(0.01)	-	**0.23**
7	31 मार्च को समाप्त विव को पुनर्संरचित खाते (अंतिम संख्या) *	उधारकर्ताओं की संख्या	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	15	10	14	-	**39**	15	10	14	-	**39**
		बकाया राशि	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	42.15	46.63	48.32	-	**137.09**	42.15	46.63	48.32	-	**137.09**
		उस पर किए गया प्रावधान	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	0.56	2.03	0.23	-	**2.82**	0.56	2.03	0.23	-	**2.82**

* मानक पुनर्संरचित अग्रिमों के आंकड़ों को छोड़कर, जिन पर उच्चतर प्रावधान या जोखिम भार नहीं लगता (यदि लागू हो)
# पुनर्संरचित खातों की कमी को शामिल कराते हुए

(ङ) अनर्जक आस्तियों में परिवर्तन

(₹ करोड़)

विवरण	वि व 2019-20	वि व 2018-19
01 अप्रैल को सकल अनर्जक आस्तियां	867.91	902.42
वर्ष के दौरान (नए अनर्जक आस्तियां) परिवर्धन	871.55	308.38
उप योग (क)	**1,739.46**	**1,210.80**
घटाएँ:-		
(i) उन्नयन	50.90	8.46
(ii) वसूलियाँ (उन्नत खातों से की गयी वसूलियां)	88.43	112.54
(iii) तकनीकी / विवेकपूर्ण बट्टा खाता	558.18	221.79
(iv) उपर्युक्त (iii) के अलावा बट्टे खाते में डाले गए*	1.11	0.10
उप जोड़ (ख)	**698.62**	**342.89**
यथा 31 मार्च को सकल अनर्जक आस्तियां (क - ख)	**1,040.84**	**867.91**

(च) बट्टे खाते में डालना एवं वसूलियाँ

(₹ करोड़)

विवरण	वि व 2019-20	वि व 2018-19
यथा 1 अप्रैल तक तकनीकी / बट्टे खाते में अथशेष	1,563.29	1,458.52
जोड़िए: वर्ष के दौरान तकनीकी / विवेकपूर्ण बट्टे खाते	558.18	221.79
उप योग (क)	**2,121.47**	**1,680.31**
घटाएं: वास्तविक बट्टे खाते	12.24	87.51
घटाएँ: वर्ष के दौरान पिछलें तकनीकी / विवेकपूर्ण बट्टे खाते में से की गई वसूली	102.22	29.51
उप योग (ख)	**114.46**	**117.02**
31 मार्च को इति शेष (क-ख)	**2,007.01**	**1,563.29**

(छ) विदेशी आस्तियां, अनर्जक आस्तियां एवं राजस्व

विवरण	वि व 2019-20	वि व 2018-19
कुल आस्तियां	शून्य	शून्य
कुल अनर्जक आस्तियाँ	शून्य	शून्य
कुल राजस्व	शून्य	शून्य

(ज) मूल्यह्रास एवं निवेशों पर प्रावधान

(₹ करोड़)

विवरण	वि व 2019-20	वि व 2018-19
(1) निवेश		
(i) सकल निवेश	11,466.32	9,407.09
(क) भारत में	11,466.32	9,407.09
(ख) भारत से बाहर	-	-
(ii) मूल्यह्रास के लिए प्रावधान	348.48	588.90
(क) भारत में	348.48	588.90
(ख) भारत से बाहर	-	-
(iii) निवल निवेश	11,117.83	8,818.19
(क) भारत में	11,117.83	8,818.19
(ख) भारत से बाहर	-	-
(2) निवेशों पर मूल्यह्रास के लिए धारित प्रावधानों में प्रगति		
(i) अथशेष	5.16	49.38
(ii) जोड़िए: वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	7.08	6.36
(iii) वर्ष के दौरान निवेश उतार चढ़ाव आरक्षिति खाते में से कोई समायोजन, यदि कोई	7.08	-
(iv) घटाएं: वर्ष के दौरान अधिक प्रावधानों को पुनरांकित / बट्टे खाते में डाले गए	-	-
(v) घटाएं: निवेश उतार चढ़ाव आरक्षिति में, यदि कोई अंतरण*	7.41	50.58
(vi) इति शेष	4.83	5.16

* निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षिति में अंतरण वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान किए गए ₹0.34 करोड़ के प्रावधान और वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान किए गए ₹44.22 करोड़ के प्रावधान को घटाकर निवल है।

(झ) प्रावधान और आकस्मिकताएँ

(₹ करोड़)

लाभ और हानि लेखे में व्यय शीर्ष के अंतर्गत प्रावधानों एवं आकस्मिकताओं का विवरण	वि व 2019-20	वि व 2018-19
निवेश पर अनर्जक निवेश के लिए प्रावधान	703.89	(98.61)#
अनर्जक आस्ति के प्रति प्रावधान	118.50#	(1.32)#
आयकर के सन्दर्भ में किया गया प्रावधान (आस्थगित कर आस्ति / देयता शामिल)	493.28	551.28
अन्य प्रावधान एवं आकस्मिकताएं (विवरण सहित)	130.59$	97.44$

चल प्रावधानों का निवल पुनरांकन

$ इसमें मानक आस्तियों के लिए प्रावधान भी शामिल है

(ञ) प्रावधान संवरण अनुपात (पीसीआर)

	वि व 2019-20	वि व 2018-19
प्रावधान संवरण अनुपात (पीसीआर)*	78%	87%

* पीसीआर के परिकलन के समय चल प्रावधान को विचार में नहीं लिया गया है

(ट) मौजूदा ऋणों की लचीली संरचना पर प्रकटन

(₹ करोड़)

अवधि	लचीले रूप से संरचना के लिए किए गए उधारकर्ताओं की संख्या	लचीले संरचना के लिए ली गई राशि		लचीले संरचना के लिए ली गई ऋणों की भारित औसत अवधि एक्सपोजर	
		मानक के रूप में वर्गीकृत	अनर्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत	लचीले संरचना के लिए आवेदन करने से पूर्व	लचीले संरचना के लिए आवेदन करने के पश्चात
पिछला वर्ष वित्त वर्ष 2018-19		शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
चालू वर्ष वित्त वर्ष 2019-20		शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

